हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में चुनाव से पहले रंजिश, धारवाड में बीजेपी युवा मोर्चा के नेता की चाकू मारकर हत्या

(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक में चुनाव से पहले रंजिश के तहत हत्या का मामला सामने आया है। बीजेपी की युवा शाखा के कार्यकर्ता की यहां कोत्तूर में एक मंदिर उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने हत्या कर दी। इन लोगों ने पहले उसके झगडा किया था। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की धारवाड इकाई के सदस्य और ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष प्रवीण कम्मार की मंगलवार रात चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। इस बाबत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दिल्ली सरकार ने एक दिन में की 324 प्रिंसिपल की नियुक्ति

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से आज के दिन 324 प्रिंसिपल की नियुक्ति करना ऐतिहासिक कदम है। सक्सेना ने बुधवार को यहां दिल्ली के नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कहा कि पिछले दस महीने में दिल्ली सरकार ने करीब 15 हजार लोगों को स्थाई सरकारी देने में सफलता हासिल की, इसके लिए सभी अधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने 15 सौ लोगों को आज मिलने वाले नियुक्ति पत्र के मुबारकबाद देते हुए कहा कि इसे सिर्फनियुक्ति पत्र नहीं बल्कि शपथ पत्र समझकर ईमानदारी से लोगों की सेवा करने का संकल्प लें।

### लोगों की जिंदगी खतरे में है, राजनीति मत कीजिए : जयशंकर

(एजेंसी) नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर उनके इस दावे को लेकर निशाना साधा कि कर्नाटक के 31 लोग हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे हुए हैं। सूडान में पिछले पांच दिन से देश की सेना और एक अर्धसैनिक बल के बीच भीषण लडाई हो रही है जिसमें करीब 100 लोग मारे गए हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया, आपके ट्वीट से स्तब्ध हूं! लोगों की जिंदगी खतरे में है, राजनीति मत कीजिए। 14 अप्रैल को लडाई शुरू होने के बाद से, खार्तूम में भारतीय दूतावास सूडान में ज्यादातर भारतीय नागरिकों और पीआईओ के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा, सुरक्षा कारणों से उनका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। उनकी आवाजाही भयंकर लडाई के कारण बाधित है।

# अतीक अशरफ हत्याकांड : शुरू हो गई कार्रवाई

## सुबह एसीपी पर गिरी गाज, दोपहर तक 5 पुलिसकर्मी भी सस्पेंड

(संवाददाता)

लखनऊ । माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के लाइव मर्डर केस में आखिरकार जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर गाज गिर गई। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने पांच पुलिसकर्मियों को निर्लंबित करते हुए इनके खिलाफविभागीय जांच के आदेश दिए हैं। अतीक और अशरफ की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका जांचने को कहा है। पुलिस कमिश्नर ने यह कार्रवाई मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर की है। इससे पहले एसीपी को हटा दिया गया था। अब इन पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफकार्रवाई हुई



है। एसआईटी ने प्राथमिक जांच रिपोर्ट पेश करते हुए शाहगंज कोतवाल समेत पांच पुलिसकर्मियों को दोषी माना है। प्रयागराज पुलिस से मिले इनपुट के मुताबिक घटना की रात ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया था।अगले दिन सुबह से एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी और संबंधित तथ्यों को सूचवद्ध करते हुए मंगलवार को शाहगंज कोतवाल समेत पुलिसकर्मियों से पूछताछ की थी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर एसआईटी ने रिपोर्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को सौंप दी थी। पुलिस कमिश्नर ने भी बिना देरी रिपोर्ट के आधार पर एसएचओ शाहगंज समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने विभागीय जांच की जिम्मेदारी डीसीपी रैंक के अधिकारी को दी है। दूसरी ओर अतीक अहमद और अशरफ को प्रतापगढ़ की जेल से प्रयागराज लाने के बाद पुलिस ने बुधवार की सुबह अदालत में पेश किया। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों से आगे की पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड मांगी। पुलिस ने दलील दी कि आरोपियों से वारदात का मोटिव जानने के अलावा यह पता करना है कि इनके पास से तुर्की में बना पिस्टल कहां से आया। बदमाशों ने इतने महंगे पिस्टल को चलाने की ट्रेनिंग कहां ली। आरोपियों से यह भी पता करना है कि इनके पीछे वारदात का मास्टरमाइंड कौन है।कोर्ट ने पुलिस की अर्जी और दलील को सुनने के बाद तीनों आरोपियों के लिए रिमांड मंजूर कर ली है। कोर्ट ने कहा कि इस पूछताछ के लिए महज चार दिन का समय पर्याप्त है। इस अवधि में पुलिस निशानदेही भी करा सकती है और वारदात के संबंध में जरूरी पूछताछ भी कर सकती है। पुलिस अधिकारियों के के मुताबिक कोर्ट से आरोपियों का रिमांड मंजूर हो चुका है, लेकिन अभी आर्डर की कॉपी बाहर नहीं आई है, इसलिए उसका इंतजार किया जा रहा है। आर्डर की कॉपी मिलते ही इन तीनों आरोपियों का मेडिकल कराया जाएगा। पुलिस कोई रिस्क नहीं लेना चाहती इसलिए आरोपियों को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय पुलिस लाइन में ही डॉक्टरों को बुलाकर मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

### असद एनकाउंटर: एनएचआरसी द्वारा केस दर्ज

लखनऊ । एसटीएफ द्वारा असद और गुलाम मोहम्मद के कथित इनकाउंटर के मामले में अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा भेजी गई शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस दर्ज कर लिया है। अमिताभ ठाकुर को भेजे गए ईमेल में आयोग के सहायक रजिस्ट्रार ने बताया है कि इस संबंध में उनके द्वारा भेजी गई शिकायत को एसएसपी झांसी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के साथ संबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अमिताभ ने डिप्टी एसपी एसटीएफनवेंदु कुमार द्वारा थाना बड़गांव, झांसी में दर्ज कराए गए तीन एफआईआर और एसटीएफद्वारा इस संबंध में जारी किए गए मौके के विभिन्न फोटोग्राफके आधार पर 12 संदेह के बिंदु के आधार पर यह शिकायत की थी।

# अमित शाह को फोन करने वाले दावे पर बोलीं सीएम ममता बनर्जी

(एजेंसी)

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा गंवाने के बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया, तो वह इस्तीफा दे देंगी।

पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी का नाम ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस बना रहेगा। बंगाल के नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी के दावे कि उन्होंने (ममता ने) फोन किया था, को खारिज करते हुए बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, अगर यह साबित होता है कि मैंने टीएमसी के राष्ट्रीय दर्जे को लेकर अमित शाह को फोन किया था तो मैं इस्तीफा दे दूंगी। अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया था कि निर्वाचन आयोग ने जब टीएमसी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया था तो बनर्जी ने अमित शाह को फोन कर उनसे फैसले को निरस्त करने का अनुरोध किया था।

बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वह (भाजपा) 2024 के लोकसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभवी राजनेता मुकुल रॉय के बेटे सुभ्रांशु द्वारा उनके पिता



के लापता होने की शिकायत पर राज्य प्रशासन गौर करेगा। रॉय के परिवार का कहना है कि वे मनोभ्रंश और पार्किंसंस रोग से पीड़ित हैं।रॉय गुमशुदगी की शिकायत दर्ज होने के बाद दिल्ली में नाटकीय रूप से सामने आए और दावा किया कि वह भाजपा सांसद और विधायक हैं और अमित शाह से मिलना चाहते हैं। बनर्जी ने कहा, मुकुल रॉय भाजपा के विधायक हैं और अगर वह दिल्ली जाना चाहते हैं तो यह उनका मामला है। टीएमसी से अलग होने के बाद रॉय ने भाजपा के टिकट पर 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन बाद में ममता के खेमे में वापस चले गए। उन्होंने भाजपा नेतृत्व के हाथों दुर्व्यवहार की शिकायत भी की।

# कांग्रेस सरकार की अधिकांश योजनाओं को प्रधानमंत्री को एक न एक दिन स्वीकार करना पडेगा : गहलोत

(एजेंसी)

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) व स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) कानून को कामयाब करने की प्रतिबद्धता जताते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में इन दोनों पहलों को कामयाब करने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता।

इसके साथ ही गहलोत ने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की अधिकांश योजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक न एक दिन स्वीकार करना पडेगा। गहलोत यहां राजहेल्थ पोर्टल के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं ओपीएस और आरटीएच दोनों योजनाओं को कामयाब करके रहूंगा, इसके लिए कोई रोक नहीं सकता। हमारी बहुत आलोचना हो रही है। सारे आलेख ओपीएस के खिलाफलिखे गए हैं। आरटीएच के खिलाफअभी लिखा गया।

हम कामयाब करके दिखाएंगे, हमको आप सब पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि ओपीएस को मानवीय दृष्टिकोण से लागू किया किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा,''मैं एक करोड लोगों को पेंशन दे रहा हूं। मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि वे पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा कानून लाएं ताकि दुनिया के कई अन्य देशों की तरह हमारे देश के हर जरूरतमंद परिवार को कुछ (आर्थिक मदद) मिले। उन्होंने कहा, ''हर चीज सोच सोच कर, कर रहे हैं। हम दबाव डालेंगे भारत सरकार पर... हमारी अधिकांश योजनाएं आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माननी पडेंगी, ये मैं दावे के साथ कह सकता हूं।

ये इतनी लोकहित की योजनाएं हैं कि कोई इनकार कर नहीं सकता। अपने संबोधन में गहलोत ने राज्य्य सरकार कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं का भी उल्लेख किया।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 100 सीटों से गिर जाएगी : संजय राउत

(एजेंसी) मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी 100-110 सीटों तक गिर जाएगी। राउत ने मीडियाकर्मियों से कहा, देश में भाजपा के खिलाफलहर है। अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी 100-110 सीटों से हाथ धो बैठेगी। इसका मतलब है कि केंद्र में सत्ता में 100 फीसदी बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के साथ-साथ ईडी और सीबीआई जैसी तमाम केंद्रीय जांच एजेंसियां, जिनका दुरुपयोग कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी या शिवसेना (यूबीटी) जैसी तमाम विपक्षी पार्टियों पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, भी बाहर हो जाएंगी। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में, महा विकास अघाडी (एमवीए) 2024 का विधानसभा चुनाव एकजुट होकर 180-185 (288 में से) सीटें जीतने के लिए लड़ेगी और 48 लोकसभा सीटों में से एमवीए गठबंधन 40 जीतेगा। यह पूछे जाने पर कि विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा, उन्होंने कहा कि यह कोई भी हो सकता है, लेकिन देश 2024 में केंद्र में सत्ता परिवर्तन देखेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। राउत ने कहा, हमें सर्वेक्षणों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जमीनी हकीकत स्पष्ट रूप से सत्ता परिवर्तन की ओर इशारा कर रही है। 16 अप्रैल को नवी मुंबई में महाराष्ट्र भूषण अवार्ड 2022 कार्यक्रम के बाद 13 लोगों की मौत पर राउत ने कहा कि यह सीधे तौर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की जिम्मेदारी है और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड का हर एक राज खोलेगी एसटीएफ, 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजे गए तीनों हत्यारे

❑ पुलिस बदमाशों से मर्डर की वजह भी जानने की कोशिश करेगी तीनों आरोपियों को 23 अप्रैल को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा

(संवाददाता)

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक सीजेएम अदालत ने बुधवार को गैंगस्टर अतीक अहमद के हत्यारों को 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। विशेष जांच दल ने तीनों आरोपियों से पूछताछ के लिए रिमांड की मांग करते हुए अदालत में अर्जी दाखिल की थी। इससे पहले 16 अप्रैल को जिला अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी अरुण मौर्य, सन्नी सिंह व लवलेश तिवारी से पुलिस पूछताछ करेगी कि 15 अप्रैल की रात अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या में किस हथियार का इस्तेमाल किया गया था, हथियार कहां से लाया था और उन्हें किसने दिया।

पुलिस बदमाशों से मर्डर की वजह भी जानने की कोशिश करेगी। तीनों आरोपियों को 23 अप्रैल को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि तीनों शूटरों, अरुण मौर्य, सनी सिंह और लवलेश तिवारी पर सलाखों के पीछे हमले का खतरा मंडरा रहा है, जिसके कारण उन्हें उच्च सुरक्षा वाले सेल में स्थानांतरित कर दिया गया है और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया है। अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ अहमद की प्रयागराज में मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय शनिवार की रात मीडियाकर्मियों के रूप में लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

करीब प्वाइंट ब्लैंक रेंज से गोली लगने के बाद दोनों बदमाश मौके पर ही गिर पड़े। गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को प्रयागराज के कसारी मसारी इलाके में एक पारिवारिक कब्रिस्तान में हुआ था। एसटीएफ के



उपमहानिरीक्षक अनंत देव तिवारी ने कहा कि आरोपियों की चार दिन की पुलिस रिमांड मिली है। अब हत्या से जुड़े सभी सवालों का पूछताछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शूटर किसी व्यक्ति या गिरोह से संबंध रखते हैं, उन्हें हथियार कहां से मिले? हत्या के पीछे असली मंशा क्या थी, हत्या किसके इशारे पर की गई। हत्याकांड की प्लानिंग कैसे की? बिना मोबाइल के कैसे एकजुट हुए, क्या सिर्फ माफिया बनने के लिए की गई हत्या? क्या पहले किसी माफिया के लिए काम किया, जिस बाइक से आए, वह कहां से मिली? इन सभी सवालों पर चार दिन के अन्दर में एसटीएफपूछताछ के बाद मामले का खुलासा करेगी।

# भाजपा सरकार ने भरोसा खो दिया है : अखिलेश

(संवाददाता)

लखनऊ । अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इस सरकार ने आम जनता का भरोसा खो दिया है। सरकार की कार्यशैली ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी पहले कभी इतना बेखौफ नहीं थे। भाजपा राज में दिनदहाड़े सड़क पर हत्याएं हो रही हैं। प्रदेश में अपराधी अपराध है। हर वर्ग डरा और सहमा हुआ है। खुद भाजपा नेता अब मानने लगे है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। मुख्यमंत्री जी पता नहीं सच को झूठ बनाने में क्यों लगे रहते हैं। जालौन के एट में परीक्षा देकर लौट रही एक छात्रा की दिनदहाड़े गोली



मारकर हत्या कर दी गई। उन्नाव में जेल से छूटते ही बलात्कारियों ने रेप पीड़िता के घर को तोड़ा और फिर जला दिया, रेपीड़िता के साथ साथ उसकी 7 माह की बच्ची भी झुलस गई। प्रदेश में कहीं छात्राओं के साथ छेड़खानी तो कहीं, बलात्कार और कहीं हत्या की खबरें हर दिन देखने को मिल रही हैं। महिलाओं और बच्चियों पर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश देश में टॉप पर है। यादव ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली संदिग्ध है। जनता का पुलिस पर भरोसा नहीं है। भाजपा सरकार में लोगों ने न्याय की उम्मीद छोड़ दी है। सत्ता संरक्षित गुंडों और अपराधियों के सामने पुलिस नतमस्तक है। जनता भाजपा के जंगलराज से परेशान हो चुकी है। छल-बल- धन और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के जरिए सत्ता में काबिज हुई भाजपा सरकार को प्रदेश की जनता और आम आदमी की कोई चिंता नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश की जनता को एकजुट होकर भाजपा को हराना होगा, तभी उत्तर प्रदेश में दोबारा से लोकतंत्र, संविधान, न्याय और कानून व्यवस्था की पुनर्स्थापना हो सकती है।

### राजस्थान कांग्रेस ने पायलट के बयान पर रंधावा को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी

(एजेंसी) जयपुर। राजस्थान कांग्रेस ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के बयानों पर एक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को सौंप दी है। कांग्रेस नेताओं ने पुष्टि की कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधायकों के साथ कांग्रेस वॉर रूम में आयोजित फीडबैक बैठकों के दौरान रंधावा के साथ पायलट और गुढ़ा के बयानों पर चर्चा की।साथ ही इससे जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स की पूरी फाइल सौंपी। प्रदेश कांग्रेस की रिपोर्ट में पायलट का यह बयान भी शामिल है कि श्मैं विरोध करता हूं तो धुआँ निकल देता हूं। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस ने सचिन पायलट द्वारा खेतड़ी की सभा में दिए गए।

# महाराष्ट्र सरकार ने दोपहर के समय खुली रैलियों व सभाओं पर प्रतिबंध लगाया

(एजेंसी)

मुंबई। महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री मंगल प्रभा लोढ़ा ने बुधवार को यहां कहा कि एक बड़े फैसले में महाराष्ट्र सरकार ने दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच सभी खुली सार्वजनिक सभाओं,रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस कार्यक्रम के बाद उठाया गया है जिसमें गर्मी से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए थे और अप्पासाहेब के नाम से विख्यात समाज सुधारक दत्तात्रेय नारायण धर्माधिकारी के 14 अनुयायी, जिन्हें श्रीसदास्य कहा जाता है, की मौत हो गई थी। कार्यक्रम का आयोजन अप्पासाहेब को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2022 प्रदान करने के लिए किया गया था और इसमें उनके 20 लाख अनुयायी शामिल हुए थे। शिवसेना (उद्धव गुट) के किशोर तिवारी ने दो दिन पहले केंद्र और राज्य सरकार से इस तरह के सभी बड़े आयोजनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने की मांग की थी ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। (आईएएनएस की 17 अप्रैल की रिपोर्ट)। लोढ़ा ने कहा कि यह फैसला नवी मुंबई में हुई दुर्भाग्यपूर्ण आपदा और भविष्य में इसी तरह की त्रासदियों से बचने के लिए लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि सोशल मीडिया के नए फोटो,वीडियो को देखते हुए सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पुरस्कार स्थल पर भगदड़ से मौतें हुई हैं। पटोले ने सख्ती से कहा, सच्चाई क्या है और सरकार क्या दबा रही है? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस दोनों को इस्तीफा देना चाहिए। मैं राज्यपाल रमेश बैस से इस शासन को बर्खास्त करने की अपील कर रहा हूं। इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने त्रासदी की एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच और कमियों के लिए दोषी पाए गए सभी लोगों के खिलाफगैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की थी। यह रेखांकित करते हुए कि राज्य सरकार ने 25 लाख रुपये के महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के लिए 13 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, तिवारी ने शिंदे-फड़णवीस से प्रत्येक मृतक के परिजनों को कम से कम एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने को कहा, जो बेहद गरीब परिवारों से थे। अन्य राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अतुल लोंडे, क्लाइस क्रैस्टो, डॉ. रघुनाथ कुचिक, ट्रेड यूनियन्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के राज्य संयोजक विश्वास उतगी, एनजीओ और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस त्रासदी के लिए राज्य सरकार की आलोचना की है। त्रासदी पर संवेदना व्यक्त करते हुए शाह ने कहा था, कल आयोजित महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह में भाग लेने के दौरान लू के कारण जान गंवाने वाले श्रीसदास्य के निधन से मेरा दिल भारी है। मैं उन लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं, जिनका इलाज चल रहा है।

CMYK

## संपादकीय

# जरूरी युद्धाभ्यास

भारतीय सेना व वायुसेना ने पिछले दिनों एलएसी पर सफल संयुक्त युद्धाभ्यास करके चीन को संदेश देने का प्रयास किया कि भारत अपनी सीमाओं को मिलने वाली किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है। निस्संदेह, ऊंची व जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में युद्ध करने का भारतीय सेना का अनुभव समृद्ध रहा है। लेकिन जिस तरह चीन ने पिछले दिनों लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास किया, उसके मद्देनजर युद्धाभ्यास के जरिये चीन को चेताना जरूरी हो गया था। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में नंबर एक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा चीन लगातार अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार देता रहा है। इसी कड़ी में वह भारत के आसपास के छोटे देशों में धनबल-छलबल से अपने कूटनीतिक हितों का विस्तार करता रहा है। नेपाल की राजनीति में दखल के अलावा उसने श्रीलंका की विषम आर्थिक परिस्थितियों का लाभ उठाकर उसके एक महत्वाकांक्षी बंदरगाह तक का अधिग्रहण कर लिया है। जिसके तट पर खुफिया समुद्री जहाज के रुकने का भारत ने कड़ा प्रतिवाद किया था। दशकों से चीन के पिट्ठू रहे पाकिस्तान में बन रहे महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे के जरिये भी चीन भारत के लिये नई चुनौती पैदा कर रहा है। उसकी महत्वाकांक्षाओं का अंत यहीं नहीं हुआ, अब वह भारत के इलाके में दखल बनाने के मकसद से दशकों से भारत के अभिन्न मित्र रहे भूटान पर दबाव बना रहा है ताकि भारत की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर सके। इन परिस्थितियों के आलोक में चीन सीमा पर भारतीय सेना व वायुसेना द्वारा किया गया युद्धाभ्यास वक्त की जरूरत ही था। एलएसी पर कई वर्षों से जारी गतिरोध के बीच हुए इस युद्धाभ्यास में भारत के बड़े जहाज ग्लोबमास्टर व चिनूक हेलीकॉप्टर आदि ने भाग लिया। चीन द्वारा सिक्किम, पूर्वी लद्दाख व हाल में अरुणाचल के शहरों के चीनी नाम रखने के चलते उत्पन्न हालात में इस तरह के सैन्य अभ्यास अपरिहार्य ही हैं। दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध में वायुसेना का समय पर इस्तेमाल न करने की चूक से मिली शिकस्त से सबक लेते हुए भारत ने पूर्वी क्षेत्र में साझे रूप से सामरिक एयरलिफ्ट का अभ्यास किया। विमानों व मारक हेलीकॉप्टरों के जरिये जटिल पहाड़ी इलाकों में लैंडिंग और ड्रॉपिंग का अभ्यास किया गया। दरअसल इस अभ्यास का मकसद अधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में सेना व वायुसेना के तालमेल का मूल्यांकन करना था। ताकि युद्ध की स्थिति में विशेष सैन्य बल तीव्र गति के साथ हमला कर सकें। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, सेना के विभिन्न अंगों ने युद्ध जैसी स्थिति बनाकर लैंडिंग जोन को सुरक्षित करने तथा दुश्मन पर सटीकता से हमला करके उसे तेजी से उलझाने का अभ्यास किया। जिसको वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर विमानों व युद्धक हेलीकॉप्टरों चिनूक ने सटीकता से अंजाम दिया। ये सुरक्षित निर्दिष्ट लैंडिंग क्षेत्रों में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गये। इसके साथ ही पचासवीं पैराशूट ब्रिगेड यानी शत्रुजीत ब्रिगेड के पैराट्रूपर्स ने कल्पित शत्रु के इलाके में तीव्रता से पूरी क्षमता के पैरा-ब्रिगेड व पूर्वी कमान के सैनिकों के साथ तालमेल बनाकर लक्ष्यों को साधा। ये अभ्यास पारंपरिक व अपरंपरागत सैन्य कार्रवाइयों के मिश्रित रूप में थे। जिन्हें विशेष रूप से नामित, चयनित, प्रशिक्षित व आधुनिक हथियारों से सुसज्जित इकाइयों द्वारा सफलता से अंजाम दिया गया। दरअसल, हाल में भूटान के प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय हितों को ताक पर रखकर डोकलाम पठार पर चीनी प्रभुत्व के बाबत की गई टिप्पणी ने भारत को सजग किया है। यही वजह है कि पिछले दिनों चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी इलाकों व सिक्किम में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा करके बुनियादी ढांचे के विकास, परिचालन व रसद तैयारियों की समीक्षा की थी। भारत सजग हुआ कि यदि भूटान अपने उत्तरी क्षेत्रों को बनाये रखने के लिये डोकलाम पठार पर चीन के अधिकार को स्वीकारता है तो इससे उत्तरी बंगाल में संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिये चुनौती पैदा होगी, जो उत्तर-पूर्वी राज्यों को भारत की मुख्यभूमि से जोड़ता है।

# मोदी से मदद मांगते जेलेंस्की

भारत और यूक्रेन के रिश्तों का सिलसिला 1990 में शुरू हुआ। यूक्रेन जिस समय सोवियत संघ का हिस्सा था तब से ही भारत के संबंध काफी अच्छे थे। जब सोवियत संघ टुकड़ों-टुकड़ों में बंटा तो भारत दुनिया का पहला ऐसा देश था जिसने यूक्रेन को मान्यता दी। दिसम्बर 1991 में भारत सरकार ने यूक्रेन को एक संप्रभु देश का दर्जा दिया था। जनवरी 1992 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरूआत हुई। 1993 में यूक्रेन ने नई दिल्ली में अपना उच्चायोग खोला। दोनों देशों के बीच 17 द्विपक्षीय संबंधों पर हस्ताक्षर भी हुए और यूक्रेन भारत का व्यापारिक भागीदार बन गया। वर्ष 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में भारत ने पांच परमाणु परीक्षण किए तो यूक्रेन ने अपना रुख बदल लिया। यूक्रेन ने दुनिया के उन देशों के साथ हाथ मिला लिया जिन्होंने परमाणु परीक्षण करने पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। इतना ही नहीं यूक्रेन भारत का विरोध करने वाले देशों का साझीदार भी बन गया। उसने पाकिस्तान को अपना दोस्त बना लिया और सबसे ज्यादा हथियार उसने पाकिस्तान से खरीदे। कई मामलों में उसने पाकिस्तान का साथ दिया। दुनिया में समीकरण बदलते देर नहीं लगती। दुनिया में दोस्त और दुश्मन बदलते रहते हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच भारत के दौरे पर आई यूक्रेन की उप विदेश मंत्री ऐमिन जापारोवा ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की द्वारा लिखी चिट्ठी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी है, जिसमें उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने की इच्छा जताई है। पिछले साल 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। उसके बाद यूक्रेन से किसी नेता की यह पहली भारत यात्रा थी। ऐमिन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि विश्वगुरु के तौर पर भारत युद्ध में ज्यादा बड़ी भूमिका निभा सकता है। युद्ध रुकवाने की दिशा में उसने किसी भी तरह के प्रयासों की यूक्रेन सराहना करेगा।

यूक्रेन जानता है कि भारत और रूस दोनों मित्र देश हैं और यह दोस्ती कभी टूटने वाली नहीं। यूक्रेन चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूसी राष्ट्रपति के साथ युद्ध रुकवाने के लिए बातचीत करें और उन पर दबाव बनाएं। ऐमिन जापारोवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कीव आने का न्यौता दिया लेकिन साथ ही जी-20 देशों की बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को बुलाने की अपील भी कर दी। यूक्रेन ने ऐसी अपील कर एक कूटनयिक दांव खेला है। हालांकि यूक्रेन की उप विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन से भारत के कड़वे संबंधों का उल्लेख भी किया है और भारत को संबंधों में संतुलन बनाने की सलाह भी दे डाली है। यद्यपि भारत ने जी-20 की बैठक में जेलेंस्की को बुलाने के संबंध में कुछ ठोस नहीं कहा है लेकिन अगर भारत ऐसा करता है तो जी-20 के मंच पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन और जेलेंस्की आमने-सामने हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही एक ऐसे नेता रहे जिन्होंने पुतिन से स्पष्ट कहा था कि आज की दुनिया में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है और इस युद्ध को रोका जाना चाहिए। भारत बातचीत से युद्ध खत्म करने का पक्षधर है। आज जेलेंस्की भारत की मदद मांग रहे हैं लेकिन पूर्व में उसकी भूमिका भारत विरोधी रही है। यूक्रेन के विदेश मंत्री घ्दिमित्रों कुलेवा ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अघ्जित डोभाल के रूस दौरे से चिढ़कर यह बयान दिया था कि भारत जो तेल रूस से खरीद रहा है उसमें यूक्रेन के लोगों का खून मिला हुआ है। यूक्रेन यह भूल गया कि उसने हर बार भारत की पीठ में छुरा घोंपा है। पाकिस्तान के आतंकवाद पर यूक्रेन हमेशा खामोश रहा। कश्मीरी आतंकवादियों को पाकिस्तान की मदद पर भी उसने भारत का साथ नहीं दिया। अब सवाल यह है कि क्या भारत युद्ध रोकने के लिए मध्यस्थ बनेगा और वह शांतिदूत की भूमिका निभाना स्वीकार करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की आवाज आज पूरी दुनिया सुन रही है। भारत रूस और पश्चिमी देशों का दोस्त बनकर उभरा है। भारत को पता है कि अपने हितों की रक्षा कैसे की जाती है तभी तो उसने अमेरिका और मित्र देशों का दबाव न मानते हुए रूस से तेल और ऊर्जा लेना जारी रखा हुआ है। युद्ध के बीच भी भारत ने यूक्रेन को मानवीय सहायता दी है।

# कर्नाटक चुनावों पर सबकी नजर

**आदित्य नरायण**

कर्नाटक दक्षिण भारत का ऐसा पहला राज्य माना जाता है जहां उत्तर भारत की हिन्दी पार्टी माने जाने वाली भाजपा ने 2008 के चुनावों में अपने पैर जमाये थे। निश्चित रूप से इसका श्रेय तब जनसंघ के जमाने से भाजपा के नेता श्री बी.एस. येदियुरप्पा को दिया गया था जिन्होंने राज्य की दो प्रमुख दबंग माने जाने वाली जातियों वोकालिंग्गा व लिंगायत में से एक लिंगायत के मतदाताओं को रिझाने में सफलता प्राप्त की थी। कर्नाटक की राजनीति में 80 के दशक से ही परिवर्तन आना शुरू हुआ था जब जनता दल के स्व. रामकृष्ण हेगड़े जैसे नेता इसके साथ जुड़े थे और उनमें श्री एसआर बोम्मई आदि भी शामिल थे। श्री एसआर बोम्मई वर्तमान मुख्यमन्त्री श्री वासवराज बोम्मई के ही पिता थे। इनके अलावा पूर्व प्रधानमन्त्री श्री एचडी देवेगौड़ा भी जनता दल में ही थे यदि और अधिक गहराई से देखें तो कांग्रेस पार्टी के पूर्व मुख्यमन्त्री श्री सिद्धारमैया भी एक जमाने में देवेगौड़ा के ही साथ जनता दल में रहे थे। मगर जनता दल के सभी नेताओं की राजनीति समाजवादी विचारधारा से प्रभावित थी जबकि श्री येदियुरप्पा जनसंघ की पुरानी राष्ट्रवादी नीति और हिन्दुत्व की विचारधारा से प्रभावित थे। वर्तमान में कर्नाटक में जो राजनैतिक समीकरण बन रहे हैं उन्हें देखते हुए आगामी महीने मई में जो विधानसभा चुनाव हो रहे हैं उनमें सीधा मुकाबला कांग्रेस पार्टी व सत्तारूढ़ भाजपा के



बीच होने जा रहा है। मौजूदा भाजपा की बोम्मई सरकार अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल को लेकर भारी भंवर में फंसी हुई नजर आ रही है जिसकी असली जड़ राज्य प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार की गूंज है। बोम्मई सरकार पर विरोधी दलों खास कर कांग्रेस द्वारा लगाया गया यह आरोप बुरी तरह चिपक गया है कि यह सरकार 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार है। भाजपा इस आरोप की तीव्रता कम करने के लिए वे मुद्दे उठा रही है जिससे राज्य के मतदाताओं में यह सन्देश जाये कि वह लिंगायत व वोकालिंग्गा दोनों ही समाज की पसन्दीदा पार्टी है। अपने इस विमर्श को चलाने के लिए उसने 2002 में मुसलमानों के पिछड़े वर्गों के लिए किये गये चार प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करके इन्हें आधा-आधा लिंगायत व वोकालिंग्गा में बांट दिया। मगर कर्नाटक में 13 प्रतिशत से अधिक दलित वोट भी हैं और कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे न केवल कर्नाटक के हैं बल्कि दलित समाज से भी आते हैं।कर्नाटक के इन चुनावों का भाजपा के लिए बहुत महत्व है क्योंकि सर्वप्रथम तो वह इस राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी है और दूसरे कर्नाटक विधानसभा चुनावों का परिणाम इसी साल के अंत तक होने वाले अन्य चार राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान व तेलंगाना की राजनीतिक फिज़ां को भी प्रभावित करेगा। यदि कर्नाटक भाजपा के हाथ से निकल जाता है तो विपक्षी दलों खास कर कांग्रेस का मनोबल बहुत ऊंचा हो जायेगा। अत: भाजपा इन चुनावों में अपनी पूरी शक्ति झोंकने पर आमादा लगती है और इस क्रम में उसने अपने सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की दो दर्जन से अधिक रैलियां करने की योजना बना रखी है। भाजपा किसी राज्य स्तर के नेता को मुख्यमन्त्री के तौर पर भी पेश नहीं कर रही है और सब कुछ प्रधानमन्त्री के करिश्मे के भरोसे छोड़ देना चाहती है। जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि उसके नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने का असर आम मतदाताओं पर पड़ेगा क्योंकि पिछले वर्ष सितम्बर में केरल से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत-जोड़ो यात्रा के फेरे कर्नाटक में जम कर लगे थे। कांग्रेस भी अपने किसी नेता को मुख्यमन्त्री के चेहरे के तौर पर पेश करने की हालत में नहीं है। इसकी वजह यह है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री डी.के. शिवकुमार व पूर्व मुख्यमन्त्री श्री सिद्धारमैया दोनों ने ही चुनाव से पहले स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के विजयी होने की सूरत में वह मुख्यमन्त्री पद पर अपना दावा ठोकेंगे। लेकिन जहां तक क्षेत्रीय नेताओं के आम जनता में लोकप्रिय होने का प्रश्न है तो सिद्धारमैया का स्थान इनमें सबसे ऊंचा माना जाता है। वह पिछड़ी गडरिया जाति के प्रबुद्ध नेता माने जाते हैं और शासनकाल में भी सिद्धहस्त समझे जाते हैं। राजनैतिक चातुर्य में भी उनका जवाब नहीं है। जबकि भाजपा में उनके मुकाबले में श्री येदियुरप्पा को रखा जाता था मगर अब वह राज्य की राजनीति में हाशिये पर ही समझे जा रहे हैं। खासकर जोड़-तोड़ की राजनीति में येदियुरप्पा बेमिसाल नेता थे जबकि उनका पूरा शासकीय राजनैतिक जीवन भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोपों से घिरा रहा। कर्नाटक की राजनीति धुर दक्षिणी राज्यों की राजनीति से हट कर इसलिए भी मानी जाती है क्योंकि इतिहास में इसके विभिन्न क्षेत्रों में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के मराठा शासन का विशेष प्रभाव रहा। इसी सन्दर्भ में भाजपा मैसूर के सुल्तान टीपू सुल्तान का मुद्दा भी बार-बार उठाती रही है। परन्तु कर्नाटक की आम जनता पूरे देश में अपेक्षाकृत रूप से अधिक शिक्षित मानी जाती है जिसकी वजह से यहां गत वर्षों में मुस्लिम कन्याओं द्वारा हिजाब पहने जाने के मसले ने ज्यादा तूल नहीं पकड़ा। यहां के सभी हिन्दू- मुस्लिम नागरिकों की एक ही कन्नड़ भाषा होने से भी सामाजिक स्तर पर विभिन्न सम्प्रदायों का जुड़ाव अनुभव किया जाता है। जबकि महाराष्ट्र से लगे कर्नाटक के क्षेत्र में इसका असर कम रहता है। चुनावों की असली रणनीति सामने नहीं आ पा रही है इसकी वजह यह मानी जा रही है कि भाजपा व कांग्रेस दोनों ही अभी एक दूसरे 'पर' तोल रही हैं।

# स्वस्थ नगरिक मजबूत राष्ट्र का निर्माणकर्ता, तन और मन दोनों को सशक्त रखने की आवश्यकता

**संजीव ठाकुर**

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैस तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता हैस इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैस इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेस भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैस इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैस इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगास फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के



तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55: हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुत: सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलत: स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में ह्रदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज च्हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अत: जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ्य अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2ध्तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# राजस्थान में इस बार के विधानसभा चुनाव में राज बदलेगा या रिवाज?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉ. सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है।



भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वहीं इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनियां पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुन राम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव हैं। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने की चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असद्दुदीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके। कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी हैं। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों- अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वहीं सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। कांग्रेस में 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी नेताओं पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से भी सचिन पायलट खासे नाराज बताये जा रहे हैं। सचिन पायलट ने जयपुर में एक दिन का उपवास रखकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर मिलीभगत का खेल खेलने का आरोप लगाया है। पायलट के अनशन को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने बहुत दबाव बनाया था मगर पायलट अनशन करके ही माने। हालांकि कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया था। मगर पायलट के खिलाफअभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई है। अंदरखाने पायलट को हनुमान बेनीवाल सहित आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि यदि पायलट के खिलाफ किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे तो राजस्थान की स्थिति भी पंजाब की तरह हो सकती है। कुल मिलाकर चुनावी दौर में कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी की शिकार हो गई है जिसका खामियाजा उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

CMYK

# निकाय चुनाव में बसपा ने झोंकी ताकत, मुस्लिमों को टिकट देने में सपा से निकली आगे

चुनाव के पहले चरण के लिए चुनावी बिसात बिछ गई है तथा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व निकाय चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रदर्शन काफी कुछ सियासी संकेत देगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने ऐसा दांव चला है कि जिसने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और खास तौर पर समाजवादी पाट (सपा) के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। बसपा मुस्लिमों को टिकट देने के मामले में सपा पर भारी पड़ी है। नगर निगम चुनाव और लोकसभा चुनाव की परिस्थितियां और मुद्दे बिल्कुल अलग-अलग होते हैं, लेकिन जो दल इन चुनावों में बढ़त बनाने में सफल रहेगा वह सियासी 'माइंड गेम के सहारे वोटरों पर काफी हद तक मनोवैज्ञानिक दबाव डालने में सफल रहेगा। वैसे तो कई निकाय चुनावों में भाजपा और सपा के बीच ही मुख्य मुकाबला देखने को मिलता था, लेकिन इस बार बसपा ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को उतार कर सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की जबर्दस्त तैयारी की है, जबकि एक समय वह भी था जब बसपा निकाय चुनाव अपने सिम्बल तक पर नहीं लड़ती थी, परंतु इस बार उसने निकाय चुनाव में दबदबा बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बसपा ने ऐसा दांव चला है जिसने भाजपा और खास तौर पर सपा के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा यादव-मुस्लिमों के मजबूत वोट बैंक के सहारे चुनाव लड़ती और जीतती है, लेकिन बसपा इसमें से मुस्लिम वोटों पर अक्सर डोरे डालने में कामयाब हो जाती है। यही काम बसपा इस बार भी जोरशोर से करने जा रही है। बसपा ने प्रथम चरण के चुनाव जो 04 मई को होने हैं इसमें 60 प्रतिशत मुस्लिम उम्मीदवारों पर दांव लगाकर सपा की राह में कांटे खड़े कर सकती है। बसपा हालांकि इससे इंकार कर रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि मुस्लिमों ने सपा के साथ रह कर देख लिया है उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। इसलिए उनका बसपा की तरफ झुकाव बढ़ रहा है। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा के उप-चुनाव में यह बात साबित भी हो चुकी थी। आजमगढ़ में बसपा ने अच्छे खासे मुस्लिम वोट पाए थे, भले ही बसपा जीत नहीं पाई थी, लेकिन सपा को भी हार का सामना करना पड़ा था। जानकार भी कह रहे हैं कि बसपा का समीकरण ही सबसे हिट है।

## लखनऊ में मेयर की बसपा प्रत्याशी सबसे अमीर

### पति को मिलाकर शाहीन बानो के पास 49 करोड़ की संपत्ति

### सपा-कांग्रेस उम्मीदवार के पास पति से ज्यादा पैसा

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में मेयर बनने के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं। आखिरी दिन ही 10 लोगों ने आवेदन किया। पर्चा भरने के दौरान सभी उम्मीदवारों ने अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण भी दिया है। इसमें सभी उम्मीदवारों ने अपना और अपने पति की संपत्ति के बारे में जानकारी दी है, जिसमें बताया गया है कि उनके पास कितना कैश है और कितने की अचल संपत्ति है। इसमें सबसे ज्यादा पैसा बसपा के उम्मीदवार के पास है, जबकि सपा और कांग्रेस की उम्मीदवारों के पास अपने पति से ज्यादा दौलत है। हालांकि सभी बड़े राजनीतिक दलों के उम्मीदवार करोड़पति हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार शाहीन बानो के पास बाकी प्रत्याशियों के मुकाबले पति-पत्नी को मिलाकर काफी ज्यादा प्रॉपर्टी है। दोनों पति-पत्नी को मिलाकर करीब 49 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी बन रही है। शाहीन बानो के पास चल संपत्ति में जहां 58 लाख 38 हजार 57 रुपए है, वहीं अचल संपत्ति में डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी है। बात जब उनके पति की प्रॉपर्टी की आती है तो सरवर मलिक के पास करीब 25 करोड़ 88 लाख 2 हजार 692 की चल संपत्ति है जबकि 22 करोड़ 60 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल अपनी संपत्ति का जो ब्योरा दिया है उसमें उनसे ज्यादा पैसा उनके पति के पास है। सुषमा ने बताया है कि उनके पास 43 लाख 22 हजार 356 रुपए कैश है, जबकि उनके पति के पास 15 लाख 66 हजार 27 रुपए कैश हैं। उनके पति के पास करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। इसमें उत्तराखंड में उनकी जमीन भी शामिल है। जबकि सुषमा के पास 65 लाख रुपए की प्रॉपर्टी है। समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार वंदना मिश्रा के पास अपने पति और लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ रमेश दीक्षित से ज्यादा पैसा है। वंदना मिश्रा के पास 61 लाख 82 हजार 513 रुपए की चल संपत्ति है। जबकि उनके पति रमेश दीक्षित के पास 30 लाख 85 हजार 290 रुपए हैं। अचल संपत्ति में भी वंदना मिश्रा रमेश दीक्षित से आगे हैं। उनके पास एक करोड़ पचास लाख 53 हजार 971 रुपए की संपत्ति है। जबकि रमेश दीक्षित के पास 40 लाख 25 हजार की संपत्ति है। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार संगीता जायसवाल के पास 91 लाख 75 हजार 497 रुपए हैं जबकि उनके पति के पास 4 लाख 85 हजार 196 रुपए हैं। ऐसे में उनके पास अपने पति से करीब 22 गुना ज्यादा चल संपत्ति है। हालांकि अचल संपत्ति के मामले में दोनों पति-पत्नी के पास 3- 3 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी अंजू भट्ट के पास चल संपत्ति तो है लेकिन उनके पास कोई अचल संपत्ति नहीं है। उनके पति के पास उनसे ज्यादा पैसा है। जारी डेटा में दिया गया है कि अंजू के पास 19 लाख 60 हजार 192 रुपए हैं तो पति विशाल भट्ट के पास 9 लाख 9 हजार 20 रुपए हैं। वहीं अचल संपत्ति अंजू के पास नहीं है जबकि पति के पास 52 लाख 50 हजार रुपए की अचल संपत्ति है। उत्तर प्रदेश निकाय



## संक्षिप्त समाचार

### शाबाश बेटियों, जैसे को तैसा, भैया हेलमेट कहां है, नही तो भरो जुर्माना

संवाददाता, लखनऊ। पुलिस हेलमेट न पहनने के लिए लोगों का चालान काटती है लेकिन गाजियाबाद में दो बेटियों ने खाकी को दे दी सीख, करोगे गलत तो भरोगे। सोशल मीडिया पर अब एक ऐसा वीडियो सामने आया है जब बगैर हेलमेट पहने बाइक पर सवार दो पुलिसवाले ही भागते नजर आ रहे हैं। वीडियो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का है। इस वीडियो में नजर आता है कि बगैर हेलमेट पहने दो पुलिसवाले बाइक पर जा रहे हैं। स्कूटी पर सवार दो लड़कियां पीछे से आती हैं और उनसे हेलमेट के बारे में पूछने लगती है और रोकने की कोशिश करती हैं। दोनों पुलिसवाले बचकर भागने की कोशिश करते नजर आए। लड़कियां स्कूटी से पीछा करते हुए वीडियो भी मोबाइल कैमरे से शूट कर रही थीं। इसे देख इन पुलिसवालों ने बचने के लिए अपनी बाइक तेज कर दी। हूटर और सायरन भी बजाने लगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गायिजाबद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों के एक हजार रुपये के ई-चालान काट दिए। घटना सोमवार रात करीब 10.30 बजे की है। वीडियो में नजर आ रहे दोनों पुलिसकर्मी गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात हैं।वीडियो में बाइक का नंबर नजर आने के बाद पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

### ओवरलोड ट्रक: ऑडियो मामला, मंत्री व अन्य पर लोकायुक्त परिवाद

संवाददाता, लखनऊ। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने परिवहन विभाग की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा ओवरलोड ट्रकों से भारी वसूली की शिकायत तथा इस प्रक्रिया में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हें बचाने के आरोपों के संबंध में लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है। अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि उन्हें 4.07 मिनट की बातचीत की एक रिकॉर्डिंग मिली, जो उप परिवहन आयुक्त वाराणसी अशोक कुमार सिंह, एआरटीओ चंदौली एसपी देव और चंदौली में तैनात परिवहन विभाग के एक सिपाही विपिन कुमार की बताई गयी थी. इस बातचीत में बिहार बॉर्डर पर अवैध वसूली को तेजी से बढाए जाने की योजना पर चर्चा की जा रही है. बातचीत में कहा गया है कि यह योजना तभी सफल होगी जब कम से कम छह सात सौ ट्रक गुजरेंगे, मात्र दो तीन सौ ट्रक से काम नहीं होगा और बदनामी अलग से हो जाएगी।

## सपा का ऐलान, बागपत और बड़ौत सीटों पर नहीं लड़ेगी चुनाव

संवाददाता

लखनऊ। बागपत जनपद निकाय चुनाव को लेकर रालोद ने सोमवार को अपने प्रत्याशियों को चुनाव सिंबल वितरित कर दिए हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को बड़ा एलान करते हुए बड़ौत और बागपत में अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी। इन दोनों ही सीटों पर पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का समर्थन करेगी। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के ऑफिशियल ट्विटर पेज से एक पोस्ट किया गया है जिसमें लिखा है कि बड़ौत और बागपत में समाजवादी पार्टी स्थानीय नगर निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगी और राष्ट्रीय लोक दल का समर्थन करेगी। आरएलडी ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह बांट चुकी है। कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। रालोद ने बागपत नगर पालिका से पूर्व चेयरमैन राजुद्दीन एडवोकेट, खेकड़ा नगर पालिका से रंजीता धामा को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। सोमवार को रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने बागपत नगर पालिका से प्रत्याशी राजुद्दीन एडवोकेट व खेकड़ा से निकाय चुनाव के लिए सिंबल सौंपे निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इसको लेकर तीनों तहसीलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पहले दिन एक भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया। अध्यक्ष पद के लिए 42 नामांकन पत्र और सभासद पद के लिए 256 नामांकन पत्र खरीदे गए।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं यूनीसेफ 'संयुक्त राष्ट्र बाल कोष' द्वारा कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर स्थित सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग यूपी एवं यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में "समावेशी शिक्षा का सम्मिलित दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के सभी विभागों के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। अपने-अपने विभाग में दिव्यांग बच्चों हेतु चलाई विभिन्न कार्य योजनाओं के बारे में यूनीसेफ के प्रतिनिधियों एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर नाईजीरिया से यूनीसेफप्रमुख के रूप में पधारे हुए डॉ. जकारी अदम ने



अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा यूनीसेफ का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है। प्रत्येक बच्चा पूर्ण विकसित होने तक अपने अस्तित्व, विकास में भागीदारी और सुरक्षा के अधिकारों का आनंद लेने में सक्षम बन सके। सतत विकास के लक्ष्यों को बाल अधिकारों के प्रति के प्राप्ति के बिना हासिल नही किया जा सकता। दिव्यांगजन सशक्तीकरण के विशेष सचिव अजीत कुमार ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए कहा दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना, राज्य सरकार सड़क परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा योजना, राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना, नि:शुल्क चिकित्सा अनुदान योजना, बचपन डे-केयर सेन्टर योजना, विशेष विद्यालय, डिजिटल नवाचार एवं दिव्यांगजनों को न्याय दिलाने के लिए डिसीबेलीटी कोर्ट (दिव्यांग न्यायालय) की स्थापना प्रमुख योजनाये है। इस अवसर पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया। शिक्षा के क्षेत्र में एशिया में अपना महात्वपूर्ण स्थान बना चुके, इस संस्थान में 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित हैं। इन आरक्षित सीटों का 50 प्रतिशत यानी कुल सीटों का 25 प्रतिशत नेत्रहीनों के लिए आरक्षित है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटनशिप प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विधार्थियों ने 5 कांस्य मेडल प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम का संचालन यूनीसेफ उत्तर प्रदेश की समाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ पियूष एंटोनी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय, अधिष्ठाता विशेष शिक्षा प्रो आरआर सिंह, क्रांति कुमार, रोहिताश थपलियाल, नीलम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नौ-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सम्पन्न

- ❑ एक लाख से अधिक छात्रों ने देखी शिक्षात्मक बाल फिल्में
- ❑ सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को मिला दस लाख रूपने का नगद पुरस्कार

संवाददाता

लखनऊ। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहा 9-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2023) मंगलवार को सम्पन्न हो गया। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपेन्द्र राय, चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एडीटर-इन-चीफ, भारत एक्सप्रेस, न्यूज नेटवर्क, ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपेन्द्र राय ने कहा कि सी.एम.एस. का यह अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने का



अनूठा अभियान है जिसके माध्यम से छात्रों का चरित्र निर्माण व नैतिक उत्थान कर समाज के रचनात्मक विकास हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अच्छे कार्य के लिए मैं सी.एम.एस. को बधाई देता हूँ। इस फिल्म महोत्सव द्वारा सी.एम.एस. ने बच्चों के चरित्र निर्माण की ठोस पहल की है। इस अवसर पर बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पधारे वरिष्ठ पत्रकार स्वतन्त्र मिश्र, मनोज तोमर, विकास शुक्ला एवं सुशील तिवारी ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इसके साथ ही, गायक विवेक प्रकाश, अभिनेत्री रेनिता कपूर एवं अभिनेता, थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी, टीवी अभिनेत्री तूलिका बनर्जी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री अपर्णा मिश्रा एवं फिल्म निर्माता दिवाकर भट्टाचार्य ने समारोह की गरिमा में चार चांद लगा दिये। आज भी 12000 से अधिक छात्रों ने फिल्मों से प्रेरणा ली। इन 9 दिनों में एक लाख से अधिक छात्रों ने 104 देशों की 600 से अधिक फिल्में देखीं। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तिम दिन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड के मेन ऑडिटोरियम के अलावा अन्य सात मिनी आडिटोरियम में भी देश-विदेश की अनेक फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, जिनमें द सॉंग ऑफ फ्लाइंग लीव्स, गुलदस्ता, पेपर गॉड, नो वन इस होम, हंगर, लांग लास्ट होम, माई नेम इस फियर, अंगुलिमाल, हू एट द बर्ड, बिफोर डेथ, इनसाइट विदिन, इट इज मी समाइरा, ए सीकर ऑफ वर्ल्ड यूनिटी, सेव फ्यूचर, नेवर मोर, हैलो अफ्रीका, वर्ड ऑफ ऑनर, ए ट्रिवियल थिंग, द लाइट ऑफ माई लाइफ, बटरफ्लाई हेअरपिन, आइ लव यू फारेस्ट, किड हर्ट, डैड शैली वी सिंग समथिंग, एन एपल ए डे, एबाउट फ्रेण्डशिप एण्ड बाइसिकल, अपना शहर, अनमोल रतन, द नेम ऑफ ऑवर लैण्ड, ए डे अंडर स्काई आदि प्रमुख थी। बाल फिल्म महोत्सव में पधारे गायक विवेक प्रकाश, अभिनेत्री रेनिता कपूर एवं अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट अनिल रस्तोगी ने आज एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से भी मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गायक विवेक प्रकाश ने कहा कि सी.एम.एस. ही ऐसा विद्यालय है जिसने बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए अत्यन्त ही प्रशंसनीय अनूठा तरीका ढूँढ निकाला है। अभिनेत्री रेनिता कपूर ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूँ कि इन बच्चों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों से काफी कुछ सीखा है।

## बेरा- एक अघोरी रहस्य रोमांच से भरपूर होगी : राजू भारती

संवाददाता, लखनऊ। धिराल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी हॉरर हिन्दी फीचर फिल्म बेरा - एक अघोरी आगामी 28 अप्रैल को अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शित होगी। इस बात की जानकारी फिल्म के निर्माता राजू भारती ने आज राजधानी में एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होने बताया कि फिल्म बेरा-एक अघोरी के लेखक हैं शक्तिवीर धिराल और निर्देशक हैं प्रेम धिराल। राजू भारती ने बताया की मूलत: हॉरर विषयक फिल्म बेरा - एक अघोरी में सिर्फ डरावने दृश्य ही नहीं हैं, बल्कि रोचक और लुभावने किस्से भी हैं। इसमें रहस्य, रोमांच के समानांतर रोमांस का तड़का भी है, जो नौजवानों को खूब पसंद आयेगा। उन्होने बताया कि इन सारे इंद्रधनुषी दृश्यों को आपके समक्ष जीवंत रूप में दिखायेंगे अभिनेता शक्ति धिराल, प्रेम धिराल और प्राजक्ता शिंदे। फिल्म निर्माता राजू भारती ने बताया कि फिल्म में संगीतकार जोड़ी प्रेम-शक्ति ने कर्णप्रिय संगीत दिया है। नक्काश अजीज, शाहिद माल्या और वैशाली द्वारा गाये गीतों के लोकप्रिय होने की उम्मीद है। फिल्म के डीओपी रोशन खड़गी हैं। ऑडियो लैब मीडिया कॉर्पोरेशन द्वारा प्रदर्शित होने जा रही हॉरर फिल्म बेरा - एक अघोरी 28 अप्रैल 2023 से सिनेमाघरों में दिखाई जायेगी। फिल्म के निर्देशक और अभिनेता प्रेम धिराल ने बताया कि फिल्म बेरा एक अघोरी, तंत्र मंत्र की दुनिया से दूर एक साफ सुथरी हॉरर, रहस्य रोमांच से लबरेज होने के साथ रोमांस



से भी भरपूर है। निर्देशक ने फिल्म के बारे में बताया कि यह फिल्म एक ऐसी सुंदरी की कहानी है जो अपने दो प्रेमियों शक्ति और प्रेम को अपनी अंगुली पर नचाती है और स्वयं मोहित हो कर दोनों के मध्य पेंडुलम बन जाती है, जो काफी रोमांचक होगा। फिल्म अभिनेता शक्ति धिराल ने बताया कि फिल्म श्बेरा - एक अघोरी श् एक नयी सोच वाली नये जमाने और नये मिजाज की फिल्म है, इसको यंगस्टर्स खूब एंज्वॉय करेंगे। फिल्म की अभिनेत्री प्रजक्ता शिन्दे ने बताया कि फिल्म में उनकी भूमिका एक ऐसी लड़की की है, जो पहले अपने दो प्रेमियों को अपने प्रेम जाल में फंसा कर अपनी उंगलियों पर नचाती है और फिर दोनो के बीच खुद फंस जाती है। उन्होने बताया कि लखनऊ के बारे में जितना सुना था उससे ज्यादा कहीं देखने-सुनने को मिला। यहां का खानपान, बातचीत का सायराना ढंग और यहां के चिकन के कपड़े और इमारतें अपनी ओर बहुत आकर्षित करती है।

## विश्व धरोहर दिवस पर फोटो एग्जीबिशन, हेरिटेज वॉक, यूपी पुरातत्व विभाग ने स्टूडेंट्स को घुमाई छतर मंजिल

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ में विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूपी राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से छतर मंजिल स्थित प्रशासकीय भवन में फोटो एग्जिबिशन और ड्राइंग कॉम्पिटिशन अयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंद्र भाल मिश्रा चीफ गेस्ट रहे। फोटो एग्जिबिशन में यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल 40 भारतीय स्मारकों,स्थलों की लाजवाब तस्वीरें देखने को मिलीं। साथ ही इसमें यूपी राज्य के सभी संरक्षित स्मारकों,स्थलों को भी शमिल किया गया। इनमें सिद्धार्थनगर के प्राचीन स्तूप से लेकर मथुरा की गोवर्धन छतरियां देखने को मिलीं। इसी विषय पर हुए ड्राइंग कॉम्पिटीशन में महिला महाविद्यालय लखनऊ की प्रियंका को पहला, नारी शिक्षा निकेतन की श्रीजल अग्रवाल को दूसरा और नगर निगम डिग्री कॉलेज की रागिनी सिंह को तीसरा पुरस्कार मिला। इस दौरान चीफगेस्ट मिश्रा ने भारत के अमूल्य विरासतों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, अभी तक पूरी दुनिया में लगभग 1154 स्थलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया जा चुका है। भारत में 40 महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलोंध्स्मारकों को विश्व धरोहर की स्मारकों की सूची में रखा गया है। जिसमें यूपी के तीन स्मारक ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति को जानने के लिए ऐतिहासिक इमारतों की संरक्षा करना जरूरी है। इसके बाद स्टूडेंट्स को हेरिटेज वॉक कराई गई। जिसमें नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, महिला महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपयी डिग्री कॉलेज के लगभग 100 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। सभी को डॉ. कृष्ण मोहन डूबे, राहुल यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रकाश अंबेडकर ने छतर मंजिल और फरहत बक्श पैलेस का टूर कराया। इस दौरान डॉ. कृष्ण मोहन ने स्टूडेंट्स को बताया, 1857 की गदर में इस कोठी का बहुत योगदान रहा। बेगम हजरत महल यहीं से अंग्रेजों के खिलाफरणनीति बनाती थीं। आजादी के बाद इसे सीडीआरआई को दे दिया गया था। वर्तमान में ये यूपी राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत है इसके अलावा उन्होंने स्टूडेंट्स को कैसरबाग हेरिटेज जोन के बारे में भी बताया। इन ऐतिहासिक इमारतों को स्टूडेंट्स ने काफी रोचक तरीके से घुमा। साथ ही सभी ने जमकर इमारतों की फोटो क्लिक करी।

## सेक्स रैकेट संचालक ने दूसरे को फंसाने के लिए कराया अपहरण, 4 गिरफ्तार

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में सोमवार रात सेक्स गर्ल सप्लाई को लेकर दो सेक्स रैकेट संचालकों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में अपहरण और लूट की घटना हुई थी। इसका खुलासा चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हुआ। आरोपियों ने बताया कि सेक्स वर्कर सप्लाई को लेकर एक दूसरे के ग्राहक तोड़ने के चलते लूट और अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस दोनों सेक्स रैकेट संचालकों को गिरफ्तार कर इससे जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि सोमवार देर रात मोहल्ला पीर बुखारा में कार सवार युवक और युवतियों को तमंचे के बल पर मारपीट कर अगवा करने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार फैजान जानकीपुरम विस्तार, समद फैजुल्लागंज, ऐजाज फरीदीपुर और किशन यादव कन्नौज कालिका नगर का रहने वाला है। इनके पास से वादी से लूटी गए मोबाइल फोन,





रुपये और देशी तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि यह सभी सेक्स रैकेट से जुड़े हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए ग्राहक के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। वादी ने इज्जत के चलते घटना की सही जानकारी नहीं थी। उसने कहा था कि मोहल्ला पीर बुखारा में कार सवार युवकों ने गाड़ी को ओवरटेक कर तमंचा दिखा लूटपाट की। उस वक्त उसके साथ उसकी महिला मित्र थी। जबकि वह दोनों सेक्स वर्कर थी। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में चौकाने वाले तथ्य सामने आए। किशन ने पूछताछ में बताया कि उसने बताया कि फैजान भी शहर में सेक्स रैकेट चलाता है। इसको लेकर दोनों में वर्चस्व को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। फैजान ने उसको नीचा दिखाने एक अन्जान नंबर से इंटरनेट कॉलिंग से संपर्क कर दो महिलाओं की बुकिंग की। इसके चलते दो युवतियों को वासु साहू ( इसी ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया) नाम के युवक के पास भेजा। जहाँ फैजान ने अपने साथी समद और ऐजाज के साथ मिलकर वासु से मारपीट कर अगवा किया और फिर बीकेटी के पास ले जाकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना का खुलासा करने के लिए सर्विलांस टीम, सीसीटीवी चेकिंग टीम और ग्राउंड सर्विलांस टीम का गठन किया था। तीनों टीमों ने सीडीआर के साथ दुबग्गा से बीकेटी तक के लगभग 2000 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चेक कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई। जिसके आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# भरथना के युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव की आत्महत्या

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमायन के रहने वाले एक युवक ने गुरुग्राम में सोशल मीडिया पर लाइव विडियो बनाकर आत्महत्या कर ली है। युवक एक निजी कंपनी में प्राइवेट मिस्त्री का काम करता था। आत्महत्या के कारणों का अब तक परिजनों को कुछ पता नही चल सका है। गुरुग्राम पुलिस युवक की आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। गुरुग्राम पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिसपर परिजनों ने युवक के शव को भरथना के पैतृक ग्राम रनायन लाकर अन्तिम संस्कार कर दिया है। बताते चलें इटावा के भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामायन निवासी 19 बर्षीय युवक अश्वनी शाक्य उर्फ मोंटी पुत्र आनन्द प्रकाश शाक्य उर्फ पूते ने गुरुग्राम में अपने कमरे में इंस्टाग्राम पर लाइव आकर पंखे से लटक कर आत्महत्या करली। युवक अश्वनी शाक्य की आत्महत्या का लाइव विडियो सोशल मीडिया इस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। इस घटना का वीडियो करीब तीन मिनट का है जिसमें देखते ही देखते अश्वनी फंदे पर झूल गया। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार के बीच कोहराम मच गया। और परिजन गुरुग्राम बेटे का शव लेने के लिए निकल पड़े। बताया जा रहा है कि ग्राम रमायन निवासी आनंद प्रकाश शाक्य का 20 वर्षीय बेटा अश्वनी उर्फ मोंटी पिछले कुछ माह से गुरुग्राम में नौकरी कर रहा था। सोमवार शाम को परिजनों को किसी ने जानकारी दी उसने सोशल मीडिया पर लाइव आकर जान दे दी है। घटना का वायरल वीडियो लगभग तीन मिनट का है। इसमें युवक कमरे में है। हाथ में बोतल से कुछ पी रहा है। वह बहुत दुखी नजर आ रहा है। कुछ ही मिनट में देखते ही देखते बिना कुछ बोले वह पंखे पर लटक जाता है। वीडियो देखकर परिजन गुरुग्राम रवाना हो गए। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी गुरुग्राम पुलिस और युवक के दोस्तों ने अश्वनी के परिजनों को दी जिसके बाद परिजन अश्वनी का शव लेकर बीते दिन मंगलवार देर रात लेकर भरथना के ग्राम रामायन पहुंचे उसके बाद उसके शव को रात में ही अन्तिम संस्कार कर दिया। अश्वनी के पिता आनंद प्रकाश ने बताया कि वह तीन माह पहले गुरुग्राम नौकरी करने गया था, जहां एक ई रिक्शा की कंपनी में नौकरी कर रहा था। लाइव विडियो बनाकर फंदा लगा लिया। सोमवार शाम को घर पर फोन किया था तब भी कोई बात नही बताई उसने। अब वीडियो में दिख रहा है कि उसने खुद फांसी लगा ली है। गुरुग्राम पुलिस ने 5 दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने और मामले की जानकारी देने के लिए बुलाया है।

## 50 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, खीरों रायबरेली। खीरों थाना क्षेत्र के बलभद्र खेड़ा में सुमित्रा पत्नी रामस्वरूप लगभग 50 वर्षीया महिला ने मंगलवार शाम 8 बजे कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
घटना को लेकर घर में कोहराम मच है घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला खीरों क्षेत्र के बलभद्र खेड़ा का है जहाँ पर सुमित्रा पत्नी रामस्वरूप लोधी लगभग 50 वर्षीय निवासी बलभद्र खेड़ा ने अपने कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
घटना की जानकारी खीरों पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुचे खीरों थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार अवस्थी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों में कोहराम मचा है।

# सपा से गुल्लू का टिकट घोषित होते ही जश्न का माहौल

## समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर मनाई जीत की खुशियां

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। नगर निकाय निर्वाचन के चलते समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश नेतत्व ने बुधवार की दोपहर इटावा जनपद की तीन नगर पालिकाओं और तीन नगर पंचायतों सहित सभी छह अध्यक्ष प्रत्याशियों के नामों की फाइनल सूची घोषित करदी है। जिसमें नगर पालिका परिषद भरथना से नगर क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के कर्मठ ईमानदार निष्ठावान नेता उद्योगपति अजय कुमार गुल्लू यादव और, जसबन्त नगर से सत्य नायरायन, इटावा से श्रीमती गुलनाज को प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि तीन नगर पंचायतों में बकेवर से श्रीमती रेशमा देवी, इकदिल से प्रवीन कुमारी और लखना से प्रदीप तिवारी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतत्व द्वारा इटावा जनपद की सभी सीटों के प्रत्याशियों के नामों की फाइनल सूची घोषित होते ही भरथना में सपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों में खुशी की लहर लौड़ गई, जिसपर सपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सैकड़ों समर्थकों ने सपा प्रत्याशी अजय कुमार गुल्लू यादव के आवास व राइस मिल पर पहुँच गुल्लू यादव को पुष्पहार पहना कर जिरदार स्वागत सम्मान करते हुए, गुल्लू यादव की जीत जैसी खुशियां मनाकर मिष्ठान वितरण शुरू कर दिया है। खुशियां मनाने वालो में पूर्व मंत्री अशोक यादव, विनोद यादव कक्का, श्रीकृष्ण यादव, विधायक प्रदीप यादव, राघवेंद्र गौतम, ब्लाक प्रमुख विनोद दोहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द सिंह यादव बाबूजी, मनोज यादव बंटी, रामवीर यादव, राजकुमार राजू चक, ओमप्रकाश मंत्रीजी, प्रताप वर्मा, रनिया गांधी, राजीव यादव, मोहम्मद बकील उर्फ लारा, सभासद निहालुदीन, अजीम शानू, गौस मोहम्मद सुक्खी, शिवराम यादव, भोले सिंह चक, दिलीप पोरवाल आदि के अलावा सैकड़ों समर्थक सामिल हैं।

# भरथना में तीन दिनों में अध्यक्ष पद के 33 पर्चे बिके

- ❑ सभासद पद के लिये 57 पर्चे बिके
- ❑ 1 सभासद प्रत्याशी ने दो पर्चे किये जमा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। नगर निकाय निर्वाचन के चलते निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भरथना प्रशासन द्वारा भरथना तहसील मुख्यालय पर भरथना नगर पालिका सहित लखना व बकेवर नगर पंचायत के अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों की बिक्री और नामांकन की सभी व्यवस्था की गकिं हैं जिसके चलते दिनांक 17 अप्रैल विगत 24 अप्रैल तक पर्चा बिक्री और नामांकन की प्रक्रिया होनी है। जिसको लेकर सभी प्रत्याशी खासे उत्साहित है। पर्चा बिक्री के पहले दिन 17 अप्रैल को भरथना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए 20 पर्चे बिक्री हुए जबकि सभासद पद के लिए मात्र 5 पर्चे बिक्री हुए थे, वहीं दिनांक 18 को अध्यक्ष पद के 7 और सभासद पद के 24 पर्चे बिक्री हुए, इसी क्रम में तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए 6 और सभासद पद के 28 पर्चे खरीदे गये हैं, जिसमें बुधवार को एक सभासद प्रत्याशी ने अपना दो सेट का नामांकन दाखिल किया है। इसी प्रकार बकेवर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु पहले दिन 17 अप्रैल को 10 पर्चे बिक्री हुए जबकि इसी दिन सभासद पद के लिए 14 पर्चे बिके, दूसरे दिन 18 अप्रैल को अध्यक्ष पद के 24 और 19 अप्रैल को 7 पर्चो की बिक्री हुई, जबकि सभासद पद के लिए 18 अप्रैल को 25 और 19 अप्रैल को 11 पर्चो की बिक्री हुई, यहाँ बकेवर में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को एक प्रत्याशी सुमन देवी पत्नी पप्पू निबासी बकेवर ने दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया है, वहीं बकेवर में ही सभासद पद के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसी क्रम में लखना नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन 4 दूसरे दिन 5 तीसरे दिन बुधवार को 7 पर्चे बिक्री हुए हैं, वहीं सभासद पद के लिए पहले दिन 5 दूसरे दिन 14 तीसरे दिन बुधवार को 9 लोगो ने पर्चे खरीदे हैं। बकेवर नगर पंचायत से अभी कोई नामांकन पत्र दाखिल नही हुआ है।

## तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर, पत्नी की मौत पति गंभीर घायल

संवाददाता, हरदोई। मल्लावां इलाके में तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें महिला की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के चक हनुमान निवासी राजेंद्र त्रिपाठी पत्नी मंजू देवी के साथ हरदोई गए थे। जहां से वह घर वापस जा रहे थे। मल्लावां कस्बे के पशु अस्पताल के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मंजू देवी की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि पति राजेंद्र त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना परिजनों को देकर पुलिस जांच में जुटी है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया मृतका मंजू देवी की दो बेटियां हैं, एक की शादी हो गई जबकि दूसरी अविवाहित है।

# शत प्रतिशत गौवंशो की टैगिंग सुनिश्चित की जाए, पशुपालन मंत्री

## भूसा दान के लिए लोगो को प्रेरित किया जाए

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



हरदोई। पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में निराश्रित पशुओं के चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पानी का उचित प्रबंध हो, लू से बचाव के उपाय एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष प्रयास का भूसा की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को भूसा दान के लिए प्रेरित किया जाये, इसके लिए विभिन्न संगठनों से बात की जाए। गौशाला में कार्य का जिम्मेदारी से निर्वहन न करने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि देशी गाय का गोबर व मूत्र पवित्र होता है। गौ-आधारित खेती को बढ़ावा दिया जाए। गाय के गोबर का प्रयोग लोगों की आय बढ़ाने के लिए किया जाए। उपले बनाकर बिक्री की जाए। संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए पशुओं का तेजी से टीकाकरण कराया जाए। मोबाइल वेटनरी यूनिट को लगातार सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कहा कि 1962 नंबर पर गौ -पालक कॉल करके एक घंटे में अपने पशु के लिए मोबाइल यूनिट के माध्यम से इलाज प्राप्त कर सकते हैं। मंत्री ने डॉक्टरों से उनके अनुभव भी जाने। गौशालाओं में शत प्रतिशत गौवंशों की टैगिंग सुनिश्चित की जाए। सहभागिता योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था की जाये। उन्होंने जनपद वासियों से भी अपील की कि मुहिम में साथ आये। कोई भी व्यक्ति अपना निजी पशु न छोड़े। उन्होंने बताया कि भूसा बैंक बनाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। डॉक्टरों को निर्देश दिए कि पशु पालकों को जागरूक किया जाए। लोगों को बकरी पालन व शूकर पालन आदि के लिए प्रेरित किया जाए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से उन्होंने मदरसा शिक्षा की जानकारी ली। मदरसो में रोज प्रार्थना करायी जाए। वक्फकी संपत्तियों पर अवैध कब्जों को चिन्हित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरपी शर्मा, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी, वफ्फ बोर्ड निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हड़ताल : भरथना में चौथे दिन भी फैली रहेगी दुर्गन्ध भरी गन्दगी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। भारत सरकार की जनहितकारी महत्वाकांक्षी योजना खुले में शौंचमुक्त भारत के तहत ''ओडीएफ डबल प्लस'' समेत स्वच्छता के क्षेत्र में समय-समय पर केन्द्र व प्रदेश सरकार के दर्जनों सम्मानों से सम्मानित हो चुकी नगर पालिका परिषद भरथना की जनता बीते तीन दिनों से दुर्गन्धयुक्त कूडे व बदबूदार बिजबिजाती नालियों के बीच जीने को मजबूर बनी हुई है। नगर के प्रमुख बाजारों समेत गलियों में एकत्रित कूडा आम जनमानस के लिए संकट का विषय बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों से हुई वार्ता में कोई प्रभावी सकारात्मक परिणाम न आने के कारण सभी सफाई कर्मचारी चौथे दिन गुरूवार को भी हडताल पर रहेगें। वेतन, फण्ड, एरियर आदि देयकों का काफी समय से लम्बित भुगतान न होने से क्षुब्ध डेढ सैकडा से अधिक नगर पालिका परिषद भरथना के संविदा, ठेका व स्थायी सफाई कर्मचारी काम बन्द कर अनिश्चितकालीन हडताल पर चल रहे हैं। जिसके चलते बुधवार को उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों से वार्ता की, किन्तु वार्ता में अधिकारी व सफाई कर्मचारी के बीच कोई प्रभावी सकारात्मक परिणाम न आने के कारण सफाई कर्मचारी असन्तुष्ट बने हुए हैं। नगर पालिका परिषद में ठेका, संविदा, स्थायी रूप से सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत रमेश चन्द्र, मुरारी लाल, सुशील कुमार, ऋषि कपूर, शिवकुमार, अजय कुमार, नीलम, सुशीला, ममता, गुड्डी, शोभा देवी, रेखा देवी, कुसमा, संगीता, विनीता, सुनीता, गीता, सुनील कुमार, सालिगराम, नीलू, सुरेन्द्र, विनोद कुमार आदि ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों से हुई वार्ता में उनके द्वारा कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने बचाव के चलते मात्र एक माह का वेतन मंगलवार को उनके खातों में डाल दिया है। जबकि कई सालों से फण्ड की धनराशि जमा नहीं करायी गई, सातवें वेतन का एरियर भुगतान नहीं किया गया, मँहगाई भत्तों की किस्तों का एरियर नहीं दिया गया, आठ साल से वर्दी नहीं दी गई, 11 सालों से बोनस भी नहीं दिया गया, चार माह से ठेका सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया। पीडित सफाई कर्मचारियों ने बताया कि अधिकारियों से हुई वार्ता में कोई सकारात्मक परिणाम न आने के कारण गुरूवार को भी चौथे दिन उनकी हडताल जारी रहेगी।

# तहरीर देने गए घायल को हवालात में बैठाया, उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर भेजा गया अस्पताल

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

हरदोई टड़ियावां थाना क्षेत्र गांव सैंचामाऊ में बाजार से घर आ रहे दलित को गांव ही दबंगों ने जाति सूचक गालियां देकर पीटा, सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को पहुंचाया सीएचसी जहां से गंभीर घायल होने पर जिला अस्पताल रिफर करने पर तहरीर देने थाने पहुंचे घायल पीड़ित को पुलिस ने हवालात में बैठाया। टड़ियावां थाना क्षेत्र के गांव सैंचामाऊ निवासी जमुना प्रसाद पुत्र बलराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल की शाम वह बाजार से घर वापस आ रहा था, इसी बीच रास्ते में गांव के ही दबंग किस्म के विपक्षी कमलेश पुत्र नत्थू, ललित पुत्र कमलेश उसे जाति सूचक गालियां देने लगे, पीड़ित के मना करने पर लात घूसों से मारा पीटा, जिसके बाद पीड़ित वहां से जैसे तैसे भागा तब रास्ते में आगे राममूर्ति पुत्र भजनदास, बिमलेश पुत्र नत्थू ने उसको गिरा कर मारा पीटा शोर गुल पर जब लोग बचाने आए तब विपक्षी धमकी देकर भाग गए। घटना की सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने पीड़ित को गंभीर घायल देख सीएचसी टड़ियावां भेजवाया, सीएचसी में डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायल को गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया, रिफर करने के बाद पीड़ित थाने पर पुलिस को तहरीर देने पहुंचा और रिफर के कागज दिखाए जहां पर पुलिस द्वारा घायल पीड़ित का उपचार कराना मुनासिब न समझकर उल्टा पीड़ित को ही हवालात में बंद कर दिया, जिसके बाद पीड़ित के पुत्र ने घटना की जानकारी क्षेत्राधिकारी को दी, क्षेत्राधिकारी हरियावां ने मामले को संज्ञान में लेते हुए घायल का त्वरित इलाज हेतु अस्पताल भेजने के लिए पुलिस को निर्देश दिए। जिसके बाद पीड़ित युवक अपने पुत्र के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराया।

# किस के सर पर होगा ताज कौन संभालेगा गद्दी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



हरदोई जनपद के पाली नगर पंचायत चुनाव मे निर्दलीय व सपा की करारी टक्कर, भाजपा तीसरे व कांग्रेस चौथे स्थान पर , चौराहों व प्रमुख स्थानों पर गणमान्य व्यक्तियों की चर्चा पर आधारित) पाली का निकाय चुनाव व्यक्तिगत व्यवहार का चुनाव है , पार्टी बेस पर विशेष फर्क नहीं पड़ता लल्ला अग्निहोत्री नगर पंचायत मे निर्दलीय प्रत्याशी कमलाकांत बाजपेई व सपा के टिकट से रिजवान खान की जबरदस्त टक्कर है। हालांकि भाजपा के कुलदीप मिश्रा भी भरपूर मेहनत कर अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। सर्वे के मुताबिक हार जीत मे वोट का अंतराल बहुत कम होगा। नगर पंचायत पाली का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी या फिर सपा के हाथों आएगा। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने वोटरों की आवभगत में लगे हुए हैं।कांग्रेस प्रत्याशी कादिर शाह पुरजोर कोशिश कर रहे हैं वोटरों की मानें तो अगले 5 साल से इन्होंने गरीबों को राशन व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई थी इसका कितना फायदा कादिर साहब को मिलता है यह भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है पाली नगर पंचायत के 15 वार्ड कुल वोट 18 372 वोटर है। दिल्ली में। वा अन्य राज्यों में काम कर रहे पाली के मजदूरों को प्रत्याशी बुलाते हैं। तब जाकर 65 से 70 परसेंट तक वोटिंग हो पाती है। इस वर्ष उम्मीद है कि 80: तक मतदान किया जाएगा

**बीजेपी की प्रतिष्ठा सबसे ज्यादा दांव पर**

नगर निकाय चुनाव में सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा बीजेपी की दांव पर लगी है। बीजेपी नगर निकाय चुनाव में अभी तक बेहतर प्रदर्शन नही कर सकी है 2001 में कमलाकांत बाजपेई को भाजपा की टिकट मिली थी जिसमें वह भारी बहुमत से जीते थे इस बार भाजपा की नगर इकाई कमेटी पुरजोर मेहनत कर रही है।सरकार में रहते हुए उस पर बड़ा दबाव है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



हरदोई जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के द्वारा दिनांक 13 मई 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु विश्राम कक्ष में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि 13 मई 2023 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 एन0आई0 एक्ट, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर बाबू प्रसाद अध्यक्ष, उपभोगता फोरम, अपर जिला जज सत्यदेव गुप्ता, प्रीती श्रीवास्तव, सपना त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, अच्छे लाल सरोज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, निरुपमा विक्रम सिंह, अबुल कैश, कुलदीप सिंह, सिविल जज (सी0डि0) लाल बहादुर गोंड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र सिंह वर्मा, अंशु माली पाण्डेय, रश्मि चन्द्र, सिविल जज (सी. डि.)/एफ टी. सी. राम गोपाल यादव , सिविल जज (जू0 डि0) अतुल नायक, रिचा शुक्ला, अंकिता सिंह, वैशाली सिंह, श्वेता, न्यायिक मजिस्ट्रेट, विवेक चौधरी, अनुज सिन्हा उपस्थित रहे।

# ईद के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

संवाददाता, खीरों रायबरेली। खीरों थाना परिसर में आगामी ईद पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो को लेकर आज बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बातों की जानकारी थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी ईद पर्व के अवसर पर तथा ईद पर्व शांतिपूर्वक थाना क्षेत्र में संपन्न कराने को लेकर आज बुधवार को शांति समिति सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, एवं सामाजिक सरोकार से संबंध रखने वाले युवा वर्ग शामिल रहे। बैठक में खुशियों वाला पर्व ईद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो को लेकर विचारों का आदान प्रदान किया।

## घरेलू विवाद में युवक ने खाना पीना छोड़ा, हालत बिगड़ी

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। घरेलू विवाद के कारण युवक ने खाना पीना छोड़ दिया, जिसके कारण युवक की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के रईयापुर मजरे कोटिया चित्रा गांव है, गाँव निवासी अनिल कुमार चार दिन पूर्व परदेश से घर आया तो उसके मां पिता और भाई से उसकी कहासुनी हो गई, जिसके बाद युवक ने मानसिक तनाव के कारण खाना पीना छोड़ दिया, बुधवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उसकी पत्नी साधना ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी शादी अनिल कुमार से हुई थी, आरोप है कि उसके ससुर सास व जेठ उसके पति को घर से निकाल देना चाहते है इसी बात को लेकर मंगलवार को उसके पति के साथ मारपीट भी की गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया युवक ने कुछ खाया पिया नहीं था जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ी है, इलाज किया जा रहा है।

## युवक की हत्या में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। जमीनी विवाद में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गौरतलब है कि कनकपुर गाँव में बीती 12 तारीख को जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी, जिसमें आशू सिंह नाम के युवक की मौत हो गई थी, पुलिस ने मृतक की माँ राजरानी की तहरीर पर अनूप सिंह, बिंदा बख्स सिंह व मालती सिंह के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें अनूप सिंह को पुलिस द्वारा पहले ही जेल भेजा जा चुका है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि महिला आरोपी मालती सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और उसके पति बिंदाबख्स को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

CMYK

# जीआरपी ने गैंगस्टर वारंटी किये गिरफ्तार

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा। जीआरपी ने 8 वर्षों से लगातार फरार चल रहे हैं गैंगस्टर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के घर से ही उसकी गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी संजय खरबार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा मोहम्मद मुस्ताक के द्वारा चलती ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं बांछित वारंटी व इनामियां अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे आगरा व इटावा नईम मंसूरी के निर्देशन में व उनके नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में करीब 8 वर्षों से लगातार फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त राजेश कुमार उर्फराजू लंगड़ा निवासी वार्ड नंबर 16 तात्या टोपे नगर थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया। श्री खरवार ने बताया टीम में शामिल चौकी प्रभारी फफूंद जय किशोर, हेड कांस्टेबल जीआरपी फफूंद चौकी पवनेश कुमार, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार ने अभियुक्त के घर से ही उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया पकड़े गये राजेश कुमार और राजू लंगड़ा पर थाना जीआरपी में गैंगस्टर एक्ट के अलावा और भी कई अभियोग दर्ज हैं। लंबे समय से जीआरपी राजेश कुमार की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी और अब जाकर उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए : जिलाधिकारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आरओ एवं एआरओ की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में अपनी भूमिका का आयोग के निर्देशानुसार निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि यदि एक उम्मीदवार के एक से अधिक नामांकन वैध पाए गए हैं तो उनमें से एक ही नामांकन को अगली प्रक्रिया में ले जाया जाएगा। शेष को अस्वीकृत किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उम्मीदवार से बात कर ली जाए। उन्होंने आरओ व एआरओ की शंकाओं का समाधान किया तथा निर्देशित किया कि आरओ हैण्डबुक में उल्लिखित निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रतीक आवंटन तथा प्रारूप 11 व 13 के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। प्रतीक आवंटन 21 अप्रैल को 11.00 बजे से होगा। चुनाव प्रचार के दौरान वाहनों की अनुमति आयोग के निर्देशों के आलोक में संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा दी जाएगी। पीठासीन व मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण में संबंधित आरओ व एआरओ भी रहेंगे। मतदान केंद्रों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था भी ससमय सुनिश्चित कर ली जाए। पार्किंग में टोकन की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि 13 नगर निकायों के



15 मतदान केन्द्रों पर 33 पिंक बूथ बनाये गए है। ये बूथ नारी शक्ति को समर्पित रहेंगे। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी अलविदा नमाज, परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया के दृष्टिगत प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति समितियों की बैठक कर ली जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सहित समस्त आरओ एवं एआरओ उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दो ट्रक ड्राइवरों की मौत, तीसरा नाजुक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

जसवंतनगर, इटावा। जसबन्त नगर क्षेत्र अंतर्गत कानपुर आगरा नेशनल हाईवे पर थाना सिविल लाइन क्षेत्र में सुदिति ग्लोबल अकादमी के सामने 12 घन्टे के अंतराल में दो सड़क हादसे घटित हुए। इनमें दो ट्रक ड्राईवरों की जान चली गई, तीसरे को नाजुक हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। ट्रकों की टक्कर में हाईवे जाम हो गया, पुलिस ने कड़ी मशक्कत करके जाम खुलवाया। पहला हादसा मंगलवार को रात करीब एक बजे हुआ। मध्य-प्रदेश के जिला भिंड के कस्बा मेहगांव का करीब 40 साल का ट्रक ड्राइवर दुर्गेश ट्रक को रोड के किनारे खड़ा करके पंचर टायर को बदल रहे थे। तभी एक ऑटो ड्राइवर ने दुर्गेश टक्कर मार दी। पुलिस घायल दुर्गेश को जिला अस्पताल लाई, डॉक्टर ने दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया,टक्कर मारने वाले ऑटो सहित ड्राइवर को थाना में दाखिल कराया गया। दूसरा हादसा इसी अकादमी के सामने बुधवार को दोपहर साढ़े 12 बजे घटित हुआ। कानपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पंजाब तथा राजस्थान प्रांत के ट्रक आमने सामने टकरा गए। राजस्थान के ट्रक का ड्राइवर जिला फिरोजाबाद के गांव सुराया के सुमित की मौत हो गई जबकि पंजाब के ट्रक का ड्राइवर प्रांत बिहार के नवादा का रंजन कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया,चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक बताई। इस हादसे से मार्ग बाधित हो गया जिससे जाम लग गया। थाना प्रभारी सिविल लाइन विजय बहादुर सिंह वर्मा फोर्स तथा यातायात पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत करके क्षतिग्रस्त ट्रकों को किनारे कराकर यातायात संचालित कराया।

# ईद और परशुराम जयंती सौहार्द पूर्वक मनाए

## सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



जसवंतनगर, इटावा। ईद का त्योहार और महर्षि परशुराम जयंती एक ही दिन 22 अप्रैल पड़ने को लेकर बुधवार को उप जिलाधिकारी कौशल कुमार ने दोनों ही वर्गो के लोगों को बुलाकर एक बैठक आयोजित की, ताकि यह त्यौहार शांति व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाये जा सके। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चर्चा हुई कि ईद की नमाज के बाद परशुराम जयंती की शोभायात्रा निकाली जाये। दोनों ही पक्ष के लोगों ने कहा कि क्षेत्र में हमेशा सभी त्योहार भाई चारे के साथ मनाये जाते रहे है,किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। ईद और परशुराम जयंती को भी हम मिल जुलकर मनाएंगे। इस दौरान परशुराम सेवा समिति के ऋषिकांत चतुर्वेदी, प्रदीप पांडे, प्रभात दुबे, राजीव मिश्रा, अनूप दुबे तथा मुस्लिम समाज की ओर से हाजी मोहम्मद अहसान, हाशिम अंसारी, मोहम्मद जावेद, राशिद सिद्दीकी, आदि मौजूद थे। क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर ने इस अवसर पर कहा कि दोनों ही त्योहारों को मनाने के लिए पुलिस चाकचौबंद ढंग से पुलिस व्यवस्था करेगी तथा यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त होगी। बैठक में तहसीलदार प्रभात राय, थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी भी मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन अपराधियों को भेजा जेल

संवाददाता, जसवंतनगर, इटावा। निकाय चुनाव को लेकर जसवंतनगर पुलिस नामी-गिरामी अभियुक्तों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही है थाना प्रभारी जसवंत नगर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया है कि गुरुवार को अभियुक्त मनु यादव पुत्र राम अवतार निवासी मोहल्ला अहिरण टोला कस्बा थाना जसवंतनगर इटावा को वाद संख्या 325/22धारा 125 ( 3 ) बतचब के तहत फरार वारंटी होने के कारण गिरफ्तार कर के न्यायालय भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बताया कि अभियुक्त आरिफ अली पुत्र मजीद अली तथा अब्दुल कादिर पुत्र मजीद अली निवासीगण कुरसैना थाना जसवंतनगर इटावा को अंतर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जसवंत नगर के समक्ष पेश किया गया है।

# मैनपुरी उपचुनाव की तरह निकाय चुनाव में सपा झोंकेगी ताकत

## स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शिवपाल शामिल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा । उत्तर-प्रदेश स्थानीय निकाय चुनाव में संगठन में खासी पकड़ रखने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। संगठन में प्रभावी भूमिका निभाने वाले शिवपाल इन दिनो निकाय चुनाव में सपा को बढ़त दिलाने के इरादे से रात दिन एक किये हुये हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि संगठन से जुड़े हुए लोग शिवपाल को केवल पसंद ही नहीं करते हैं, बल्कि उनकी बात को सुन कर उस पर अमल भी करते है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सपा में पूरी तरह खुद को समर्पित कर चुके शिवपाल निकाय चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर एक रणनीति के साथ चलते हुये कोई कोरकसर छोड़ने के मूड में नहीं है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि इससे पहले हुए निकाय चुनाव में शिवपाल सपा से अलग होकर के एक नई राह पर चल रहे थे, जिसका फायदा कहीं ना कहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उठाया है मगर इस बार शिवपाल के पूरी तरह सपा के साथ खड़े होने से नुकसान की संभावना लगभग खत्म हो चुकी है। इटावा के वरिष्ठ पत्रकार हेम कुमार शर्मा ने कहा कि शिवपाल की पार्टी संगठन में खासी पकड़ आज भी है। कार्यकर्ता उनकी बात को ना केवल सुनते हैं बल्कि हर हाल में मानते भी हैं। शिवपाल के करीबी मानकर चलते हैं कि शिवपाल ने भीतरी तौर पर इस बात का संकेत पार्टी कार्यकर्ताओं को दे दिया है कि पार्टी से जो भी अधिकृत उम्मीदवार उतारा जाए उसके पक्ष में ही हर हाल में काम करना है और उसको विजय दिला करके पार्टी को मजबूती प्रदान करनी है, इसलिए शिवपाल लगातार बैठक दर बैठक करने में जुटे हुए हैं। फिलहाल उन्होने अपने गृह जिले इटावा में ही कैंप किया हुआ है। मैनपुरी लोकसभा के उप चुनाव में शिवपाल इस भूमिका में दिखाई दे रहे थे और निकाय चुनाव में भी उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल सिंह यादव से जुड़े हुए लोगों की लिस्ट



मंगा ली है, जिसे अखिलेश यादव एक-एक करके फाइनल करने में जुटे हुए दिखाई दे रहे हैं। पार्टी के भरोसेमंद सूत्र दावा करते हैं कि निकाय चुनाव में स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शिवपाल सिंह यादव प्रमुख लोगों में शामिल किए गए हैं, जल्दी ही सपा अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर देगी, इसके बाद शिवपाल सिंह यादव जोरदारी के साथ प्रचार करने में जुट जाएंगे।

# जनपद में भीषण गर्मी का कहर : जिला अस्पताल के सी एम एस बोले- डायरिया और संक्रामक बीमारियों का खतरा, धूप में निकलने से बचें

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



अंबेडकरनगर। इस समय पूरे देश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। पारा नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। इसी के साथ गर्मियों में होने वाली बीमारियों का सिलसिला भी जारी है। भीषण गर्मी के कारण डायरिया और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। इस भीषण गर्मी में तेज धूप और लू के अलावा गंदगी और दूषित खाना या पानी से इस मौसम में काफी लोग बीमार पड़ते हैं। कुछ सावधानियां अपनाकर मौसम की मार से बचा जा सकता है। वहीं, इन दिनों तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है।इस बारे में अम्बेडकरनगर जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि लंबे समय तक बाहर रहने से बचें। भीषण गर्मी में घर से बाहर न निकलें। अगर इमरजेंसी में घर से बाहर निकलना पड़ता है तो सनस्क्रीन का जरूर प्रयोग करें। समय-समय पर पानी पीते रहें। इसके अलावा टैनिंग और सनबर्न से बचने के लिए छतरी, टोपी, गीला तौलिया और ठंडा पानी साथ लेकर निकलें। गर्म हवाएं ध्लू से पीड़ित लोगों के लिए जिला अस्पताल में 10 बेड की व्यवस्था तथा दवाओं की व्यवस्था की गई है जिससे लू से पीड़ित लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या ना उत्पन्न हो इसके लिए जिला अस्पताल पूर्ण रूप से कमर कसकर खड़ा है। यह जानकारी सीएमएस ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

# कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ बैठक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में चंद्र दर्शन के अनुसार ईद उल फित्र का त्यौहार मनाए जाने हेतु कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में समस्त धर्मों व धार्मिक गुरुओं के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम वर्ग द्वारा रमजान माह दिनांक 23 मार्च 2023 से मनाया जा रहा है चंद्र दर्शन के अनुसार ईद उल फित्र का त्यौहार मनाया जाएगा। सभी अधिकारी सतर्क व सजग रहें।किसी भी प्रकार की अफवाह या किसी सांप्रदायिक घटना को तत्काल उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न धर्मो व धार्मिक गुरुओं से अपील किया गया कि कोई भी धार्मिक कार्यक्रमध् जुलूस अथवा पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हो। यह सुनिश्चित करें कि सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो, साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि छतोध्भवनों पर स्थापित विस्तारक यंत्रों की आवाज परिसर से बाहर न जाए। सार्वजनिक स्थान जहां लाउड स्पीकर या लोक संबोधन प्रणाली या ध्वनि का कोई अन्य स्रोत जैसे डी0जे0 आदि उपयोग में लाया जा रहा है, में ध्वनि स्तर, क्षेत्र के लिए निर्धारित ध्वनि स्तर से अधिक नहीं होगासांप्रदायिक व आपराधिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए । सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेध् अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाए। किसी भी




संप्रदाय ध्वर्ग द्वारा सड़कों पर प्रदर्शनध् भड़काऊ नारेबाजी न किया जाए, साथ ही साथ बाल राइटिंगध् बैनर ध्पोस्टर आदि के माध्यम से प्रतिक्रिया व्यक्त न की जाए। किसी भी प्रकार की जुलूसध् बैठकेध् भड़काऊ भाषण, जिनसे अराजकता फैलने की संभावना हो, उन पर त्वरितध् प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी मस्जिदोंध्इमामबाड़ों तथा अन्य स्थानों पर साफ सफाई, एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग, चुना छिड़काव, पेयजल की व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद में समस्त अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डी पी आर ओ को निर्देश दिया गया। प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि कोविड गाइड लाइन का पालन अवश्य कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा त्यौहारों को आपस में मिल जुल मानने तथा सामाजिक सौहार्द और समरसता को बनाए रखने की अपील की।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा,समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना अध्यक्ष, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, अधिशाषी अधिकारी,विभिन्न धर्मो के धार्मिक गुरु तथा संबंधित विभाग के अधिकारी ध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# कुख्यात अपराधी अजय सिंह सिपाही ने पुलिस को चकमा देकर अयोध्या में किया आत्मसमर्पण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद का कुख्यात अपराधी व पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय सिंह सिपाही ने जनपदीय पुलिस को चकमा देते हुए अयोध्या की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर लिया है दूसरी तरफपुलिस का दावा है कि अपराध व अपराधियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही के डर से जनपद का कुख्यात अपराधी अजय प्रताप सिंह उर्फअजय सिपाही द्वारा न्यायालय जनपद अयोध्या के समक्ष उपस्थित हो करआत्मसमर्पण कर लिया है ।पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही केडरसे जनपद अम्बेडकरनगर का कुख्यात अपराधी अजय प्रताप सिंह उर्फअजय सिपाही पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी लोकनाथपुर थाना महरुआ द्वारा बुधवार को अपराध संख्या 11ध18 धारा 143, 506, 507, 385, 386, भादवि व 3(2)ट, 3(2)ट एससीध्एसटी एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या में स्पेशल न्यायाधीश एससीध्एसटी एक्ट कोर्ट जनपद अयोध्या में लिखित प्रार्थना



पत्र के साथ उपस्थित होकर आत्मसमर्पण कर लिया है ।विदित हो की कुख्यात अपराधी अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही के विरुद्ध जनपद व गैर जनपद में लगभग 28 अभियोग पंजीकृत है तथा न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था जिसके सम्बन्ध में जनपदीय पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार सार्थक प्रयास कर रहे थे व सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। जनपद पुलिस की अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के डर से बुधवार को कुख्यात अपराधी अजय प्रताप सिंह उर्फअजय सिपाही पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी लोकनाथपुर थाना महरुआजनपदअम्बेडकरनगर द्वारा न्यायालय जनपद अयोध्या के समक्ष उपस्थित होकर आत्मसमर्पण किया है।

# नगर निकायों में अध्यक्ष पद के 8और सभासद पद के 84 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकरनगर। नगर निकाय के हो रहे चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन अध्यक्ष पद हेतु बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी शबाना खातून सहित अशरफपुर किछौछा नगर से दो प्रत्याशियों ने व टाण्डा नगर पालिका परिषद से एक प्रत्याशी तथा अकबरपुर सहित के कुल चार प्रत्याशियों ने अपने अपने नामाकन पत्र दाखिल किए है वहीं पर निकायों में सभासद पद के 84 प्रत्याशियों ने विभिन वार्डों से अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए ।वहीं पर नगर पंचायत इल्तिफातगंज से अभी तक अध्यक्ष पद का कोई पर्चा दाखिल नही हुआ है ।नगर निकाय चुनाव में टाण्डा टी एन पी जी कॉलेज में हो रहे टाण्डा नगर पालिका परिषद के चुनाव के नामंकन में आज तीसरे दिन अध्यक्ष पद हेतु मात्र एक निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद लला ने नामांकन पत्र दाखिल किया है ।वहीं पर सभासद पद के 21 प्रत्याशियों ने विभिन्न वार्डों से नामांकन पत्र भरा है ।नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा से निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शबाना खातून पत्नी सैय्यद गौश अशरफने अपना नामांकन पत्र जमा किया है और वह अभी एक सेट नामांकन पत्र आगामी 24 अप्रैल को जमा करेंगीं ।किछौछा से ही निर्दल प्रत्याशी श्रीमती नसरीन ने अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र जमा किया है ।वहीं पर सभासद पद हेतु विभिन्न वार्डों से 13 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है ।नगर पंचायत इल्तिफातगंज से अध्यक्ष पद पर अभी कोई पर्चा जमा नही हुआ है जबकि सभासद पद पर आज 9 लोगों ने पर्चा भरा ।पर्चा जमा करने व खरीदने हेतु प्रत्याशियों को प्रशासन की जबरिया सख्ती के चलते इस भीषण धूप व लू में पर्याप्त जगह व मैदान होने के वावजूद एक किलो मीटर का पैदल चक्कर काटना पड़ता है ।जबकि डिग्री कालेज व इंटर कॉलेज दोनो नामाकन स्थलों के बाहर पर्याप्त मैदान मौजूद है फिर भी वाहन गेट के अंदर प्रवेश नही पा रहे हैं सड़क पर ही वाहन रोक दिए जा रहे हैं ।जबकि इसके पूर्व उसी विद्यालय में ग्राम पंचायत व नगर निकायों की मतगणना भी हो चुकी है लेकिन इतनी दूरी से कभी वाहन प्रवेश प्रतिबंधित नही किया गया जिससे लोगों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है ।पूरे अयोध्या मण्डल में कहीं पर भी नगर निकायों के चुनाव का नामांकन तहसील कचेहरी परिसर से हट कर नही हो रहा है मात्र टाण्डा तहसील ऐसी ही जहां पर नई परम्परा डाली गई है।

# दो सगी बहनों की गला घोंटकर हत्या, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ गांव

## डीआईजी, एसपी समेत डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम मौके पर कर रही जांच-पड़ताल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

मसकनवा, गोण्डा। छपिया थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर ग्रांट गांव में 2 सगी बहनों की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह दोनों का शव उनके फूस के मड़हे में तख्त पर पड़ा मिला। दोनों का गला एक ही साड़ी से कसा हुआ था। इस सनसनीखेज घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। डीआईजी व क्षेत्रीय विधायक ने भी घटना स्थल का जायजा लिया। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल में जुट गई। संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक बहनों की मां के साथ ही उसके चाचा व भाई को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। छपिया थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर ग्रंट गांव के रहने वाला मंगल निषाद फूस के मड़हे में परिवार समेत रहता है। मंगल के चार बेटे व दो बेटियां थीं ।बड़ा बेटा सियाराम उससे थोड़ी दूर पर छप्पर डालकर अपने पत्नी व बच्चों के साथ रहता है, जबकि दो अन्य बेटे सत्रुधन विजयवाड़ा व शेषराम राजस्थान में रहकर मजदूरी करते हैं। घर पर उसकी पत्नी शांती देवी अपने छोटे बेटे रामगोपाल (13 वर्ष) व दोनों बेटियों सुमन (18 वर्ष) तथा संगीता (17 वर्ष) के साथ रहती है। मंगल के मुताबिक मंगलवार की रात वह खाना खाने के बाद खेत की रखवाली करने चला गया था। घर पर उसकी पत्नी शांती छोटे बेटे व दोनों बेटियों के साथ फूस के मड़हे में सो रही थी। रात में अज्ञात लोगों ने सुमन व संगीता की गला घोंटकर हत्या कर दी। मंगल की पत्नी शांती देवी का कहना है कि भोर में करीब चार बजे जब वह सो कर उठी तो देखा कि दोनों बेटियों का गला एक ही साड़ी से कसा हुआ था। दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था और उनका शव तख्त पर पड़ा था। शांती देवी ने इस घटना की जानकारी बगल में रह रहे बड़े बेटे सियाराम को दी। सियाराम ने गांव के प्रधान व पड़ोसियों को इस संबंध में बताया तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर छपिया थाने के प्रभारी निरीक्षक सतानंद पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर व सीओ मनकापुर सौरभ वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। एसपी ने घटनास्थल का मुआयना किया और परिवार के सदस्यों से घटना के संबंध में पूछताछ की। हालांकि परिवार के लोग दोनों बहनों की मौत कैसे हुई? इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे सके। हत्या और आत्महत्या में उलझी गुत्थी को सुलझाने में पुलिस की टीमें जुट गईं। पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुला लिया। पुलिस का खोजी कुत्ता काफी देर तक मृतक बहनों के परिजनों के आसपास ही घूमता रहा। संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक बहनों की मां, उसके बड़े भाई, भाभी व चाचा को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी तरफइस सनसनीखेज घटना की सूचना मिलने देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मनकापुर के एसडीएम आकाश सिंह व गौरा विधायक प्रभात वर्मा भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली। गांव के लोग इस संबंध में ज्यादा कुछ नहीं बता रहे हैं।

**इंटर की छात्रा थी संगीता**

घटना में मारी गई दोनों सगी बहनों में से छोटी बहन संगीता इंटरमीडियट की छात्रा थी, जबकि बड़ी बहन सुमन ने आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। मंगल का परिवार काफी गरीब है और मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। परिवार की किसी से दुश्मनी भी नहीं बताई जा रही है। फिर दोनों बहनों की हत्या आखिर किसने की? पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# शाइस्ता परवीन को पकड़ने के लिये मायके पहुँची पुलिस

संवाददाता

प्रयागराज। अतीक अहमद की पत्नी शाहिस्ता परवीन की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस दबिश दे रही है। दिन में पुलिस को सूचना मिली की वह मरियाडीह के भरेठा में छिपी है। जिस पर पुलिस ने कांबिंग मार्च किया। मरियाडीह के भरेठा गांव में छुपे होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। बाद में पता चला कि शाइस्ता पुलिस के पहॅचने से पहले ही घर छोड़कर भाग निकली। वैसे पुलिस आज सुबह से ही आस पास के इलाको में तलाशी अभियान चला रही थी। इसी बीच शाइस्ता परवीन के छिपे होने की सूचना उसके मायके वाले घर में है। जहां पर पुलिस पहुँची तो वह मायके वाले भी घर छोड़ कर भाग निकले। पुलिस कई दिनों से ही शाइस्ता की तलाश कर रही हैं। प्रयागराज और कौशांबी में तमाम स्थानों पर छापेमारी की गई है। शाइस्ता की तलाश में करीबियों और रिश्तेदारों के घर पर पुलिस ने घुसकर भी खोजबीन की जा रही है। चकिया में शाइस्ता के मायके में भी छापा मारा गया, जिसके बाद मायके वाले घर छोड़कर भाग गए। शाइस्ता के मायका वाला घर खुला हुआ पड़ा है।



**अतीक के वकील के घर के बाहर हुई बमबाजी से हड़कंप**

अतीक अहमद और अशरफ के हत्याकांड के बाद प्रयागराज में मंगलवार को उस वक्त एक बार फिर से हड़कंप मच गया जब अतीक अहमद के वकील के घर के बाहर बमबामी की गयी। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी होते ही पुलिस के हाथ-पॉव फूल आये। मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुँच गयी। बताया जा रहा है कि अतीक अहमद के वकीलों में से एक के घर के पास मंगलवार को एक गली में देसी बम फेंका गया। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। इस बारे में अतीक के अधिवक्ता दयाशंकर मिश्र का कहना था कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से बम फेंका गया है। जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कर्नलगंज पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले के अनुसार कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा गोबर गली में देसी बम फेंका गया है। इलाके में छोटू यादव नाम का शख्स रहता है। उसी से हर्षित सोनकर नाम के लड़के का विवाद हुआ था। आरोप है कि हर्षित ने ही छोटू को निशाना बनाकर बम चलाया, विजय मिश्रा का इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस इलाके के चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। साथ ही वहां की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। कर्नलगंज पुलिस स्टेशन के एसएचओ राम मोहन राय का कहना है कि अतीक के वकील दयाशंकर मिश्रा निशाने पर नहीं थे और यह घटना दो युवकों के बीच दुश्मनी का नतीजा था। हर्षित सोनकर, आकाश सिंह व छोटू रानू का रौनक के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद हर्षित ने आकाश रौनक पर बम फेंका। हालांकि, वकील ने दावा किया कि यह भय और आतंक पैदा करने की कोशिश थी। वहीं कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि यह दो लोगों की आपसी रंजिश का मामला है। जिसकी जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस देख रही है।

**शाइस्ता के सरेंडर होने की अफवाह से कचहरी पुलिस छावनी में तब्दील**

अतीक अशरफहत्याकांड के बाद अब पुलिस और एसटीएफकी टीम ने बचे दो आरोपियों में से बमबाज गुड्डू मुस्लिम और अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश तेज कर दी है। इसी बीच मंगलवार को दिन में 50 हजार रुपए की इनामी शाइस्ता के प्रयागराज कोर्ट में सरेंडर करने की सूचना से पुलिस महकमे में सनसनी फैल गयी। जिसके बाद कचेहरी परिसर को पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। प्रयागराज जिला कचहरी में पुलिस फोर्स और क्राइम ब्रांच के जवान सक्रिय हो गए हैं। पुलिस ने पूरे परिसर की घेराबंदी कर दिया। अतीक अहमद के वकीलों की भी निगरानी एसओजी द्वारा की जाने लगी। हालांकि देर शाम तक शाइस्ता ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया था। वहीं अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। लेकिन जिस तरीके से प्रयागराज कोर्ट की घेराबंदी की गई थी उससे इन अटकलों को बल मिला।

**शाइस्ता का सामने न आना कर रहा कई सवाल खड़े**

उमेशपाल अपहरण काण्ड के बाद आजीवन कारावास की सजा पाये माफिया अतीक और उसके भाई अशरफकी हत्या हो जाने के बाद भी अतीक की पत्नी का सामने न आने कई सवाल पैदा कर रहा है। वहीं बेटे असद की हत्या के बावजूद शाइस्ता का इस तरह से लापता होना जहां पुलिस प्रशासन के लिये सिरदर्द बना हुआ हैं वहीं आम लोगों के जेहन में तरह-तरह के सवाल उत्पन्न हो रहे हैं। पति,देवर और बेटे की लाशें उठी उसके बावजूद शाइस्ता इस गम को कैसे सह रही है। पूरा दुखों का पहाड़ टूट अपने ऊपर उठाये शाइस्ता आखिर छुपी कैसे रह सकती है। लोगों की मानें तो पांच हजार करोड़ से अधिक की काली कमाई को बचाने के लिये शाइस्ता सामने नहीं आ रही है। चूंकि उसके सरेंडर करने और जेल जाने से अतीक के गुर्गों का इस अवैध कमाई पर कब्जा हो जाएगा। वैसे सवाल-कयास और भी हैं लेकिन जवाब किसी का नहीं है। मंगलवार को भी दिन में अफवाहें उड़ी की शास्ता ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने के बाद पति अतीक, देवर अशरफऔर पुत्र असद के साथ शाइस्ता खुद ही 50 हजार की इनामी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह सामने नहीं आ रही। पांच लाख के इनामी बेटे असद का एनकाउंटर हुआ तो यह लगा था कि शाइस्ता अपने बेटे का चेहरा जरूर देखने आएगी। मगर यह कयास ही साबित हुआ। जिस बेटे पर जान छिड़कती थी उसे वह आखिरी बार देखने तक नहीं पहुंची। इसके बाद अतीक और अशरफकी हत्या हुई तो किसी को कल्पना भी न थी कि वह नहीं आएगी।

## प्रयागराज में बहाल हुई इंटरनेट सेवा

संवाददाता, प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और अशरफकी हत्या के तीसरे दिन मंगलवार की सुबह इनंटरनेट सेवा बहाल की गयी। तब जाकर प्रयागवासियों ने राहत की सांस दिया। सुबह उठे तो सबसे पहले मोबाइल चेक किया जहां पता चला कि इंटरनेट सेवा बहाल हो गयी। जिसके बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान आई। और फिर सब अतीक व अशरफमर्डर की अपडेट लेने में जुट गये। लेकिन रविवार और सोमवार दो दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद होने से लगभग सात सौ करोड़ रूपये नुकसान हुआ। दो दिनों तक जन जीवन प्रभावित रहा। लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ गई थी। डिजिटल भुगतान पर निर्भर रहने वालों को दिक्कतें हुई। ऑनलाइन ओला की बुकिंग, ओवन, रैपिडो, जोमैटो, स्विगी, पिज्जा हट जैसी कंपनियों में तो ग्राहकों का अकाल पड़ गया था। फिर पान की दुकान से लेकर मॉल तक में भीम एप, पेटीएम, फोन पे व अन्य एप के माध्यम से भुगतान किया जाता रहा है। बता दें कि शनिवार की देर रात अतीक अहमद और अशरफकी हत्या के बाद इंटरनेट सेवा एहतियात के तौर पर बंद किए जाने से पहले दिन ऑनलाइन कारोबार पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा। पहले दिन करीब तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ। लेकिन सोमवार को दूसरे दिन भी नेट सेवा बंद होने के कारण समस्या कई गुना बढ़ गई। इस दिन लगभग 400 करोड़ रुपये के कारोबार का नुकसान उठाना पड़ा। ऑन लाइन लेनदेन, बुकिंग, बिलिंग सहित कई सेवाएं ठप रहीं। शहर के सभी साइबर कैफे पर ताला लटकता रहा। स्विगी व जोमैटो के जरिए ऑन लाइन थालियों की बुकिंग रविवार सुबह से ही बंद हो गई। इन कंपनियों में प्रतिदिन करीब 1200 आर्डर आते हैं। वहीं, पिज्जा हट और डॉमिनोज में ग्राहकों का आकाल रहा। प्रयागराज में ओला और ओवन की तकरीबन 1000 कारें हैं। जिनके एक दिन की कमाई लगभग 40 से 50 लाख रुपये है। वहीं, दो दिन की नेट बंदी से इन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। दूसरी तरफ गल्ला तिलहन व्यापार को 40 करोड़, कम्प्यूटर व इलेक्ट्रॉनिक सामानों के कारोबार को 200 करोड़ व मोबाइल, रिचार्ज व एसेसिरीज बेचने वाले व्यापारियों को लगभग एक करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

## सचेण्डी पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता

कानपुर। कानपुर थाना सचेण्डी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना सचेण्डी कानपुर नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 70/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में नामित/वांछित अभियुक्त रघुवीर कटियार पुत्र राम आसरे निवासी नीरज अवस्थी के मकान में स्थित गंगागंज पनकी कानपुर नगर मूल निवासी सरकेज थाना शिवराजपुर कानपुर नगर को थाना सचेण्डी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। – घटनाक्रम के मुताबिक अभियुक्त रघुवीर कटियार उपरोक्त का एक संगठित गिरोह है जो समाज विरोधी क्रिया कलाप करके अपने व अपने परिवार के लिए आर्थिक,



भौतिक व अन्य दुनियाबी लाभ अर्जित करने के लिए चोरी व नकबजनी जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं जिनकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु थाना सचेण्डी पर मु0अ0सं0 70/2023 धारा 3( 1 ) गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु थाना सचेण्डी पर टीम गठित करते हुए अभियुक्त को थाना क्षेत्र पनकी से गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर वरिष्ठ समाजसेवी ने संतों का किया सम्मान

संवाददाता

कानपुर। स्वरूप नगर स्थित काली मठिया मंदिर महाकालेश्वर यज्ञ समिति के तत्वधान में एक सप्ताहिक श्रीमद्भागवत के समापन के अवसर पर शहर के वरिष्ठ समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल ने पहुंचकर आए हुए संतों एवं गुरुकुल बटको का भंडारे के उपरांत सभी का तिलक चंदन लगाकर एवं दक्षिणा देकर सम्मान किया कथा के अंतिम दिन पर आयोजक नरेंद्र शास्त्री और क्षेत्र के लोगों के माध्यम से विशाल भंडारा कराया गया जिसमें लगभग हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया वरिष्ठ समाजसेवी ने बताया कि मुझे धार्मिक कार्यों में बहुत ही आनंद प्राप्त होता





है शहर मे कहीं भी धार्मिक कार्य हो लोग मुझे बुलाए मैं अवश्य अपने उपस्थिति दर्ज कर आऊंगा और जो भी हमसे सहयोग होगा वह मैं करूंगा शहर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों की प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी और लोगों को शुद्ध शीतल जल प्राप्त हो सके इस दौरान तमाम संत सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## 82 ग्राम चरस के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, पुरवा,उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक शाशी शेखर एवं क्षेत्राधिकारी पुरवा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना पुरवा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 82 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा नवीन गल्ला मण्डी स्थल के पास से अभियुक्त जाकिर पुत्र इदरीश निवासी चण्डीगढ़ी दलीगढी पुरवा को 82 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना पुरवा मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक जितेन्द्र पाण्डेय, हे0कां0 रोहित सिंह चन्देल, कां0 सचिन कुमार रहे।

## सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों की कुर्सियों पर आवारा कुत्ते का कब्जा

संवाददाता, हापुड़ के गढ़ रोड स्थित सीएचसी अस्पताल में सरकारी कर्मचारियों की कुर्सी पर आराम फरमाता आवारा कुत्ता फोटो में नजर आ रहा है। अस्पताल के कर्मचारियों की कुर्सी पर बैठे कुत्ते पर नही पड़ी कर्मचारियों की नजर कर्मचारियों की कुर्सी पर कुत्ते को बैठा देख उल्टे पाँव लोटे मरीज, अस्पताल में कुर्सी पर बैठे कुत्ते का फोटो सोशल मीडिया पर हो रहा है अचंभा यह है कि जब लोगों को आवारा कुत्ते काट लेते हैं तो कुत्ते काटे का इंजेक्शन लगवाने के लिए सरकारी अस्पतालों में लोग आते हैं लेकिन यहां तो खुद ही सरकारी अस्पतालों में सरकारी कर्मचारियों की कुर्सी पर आवारा कुत्तों का कब्जा देखने को मिल रहा है।

## धौलाना व गढ़ मुक्तेश्वर विकास खंड की ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, हापुड़। हापुड जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर ( डीपीआरसी )में आज धौलाना और गढ़ मुक्तेश्वर विकास खंड के ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायक, खंड प्रेरक और सफाई कर्मियों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज दो के अंतर्गत ग्रामों को मॉडल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उनको स्वच्छता प्लान बनाकर उसके अनुरूप ग्रामों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रेरित किया गया।

## मुकदमा वापस ना लेने पर पत्रकार को दी जा रहीं जान से मारने की धमकियां

**पीड़ित ने कराया दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश**

संवाददाता, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र में रहने वाले दैनिक समाचार पत्र के एक पत्रकार को नामजद ने जान से मारने की धमकी दी है । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार पीड़ित मुकेश कुशवाह पुत्र स्व. भूरी सिंह निवासी गांव नरहौली थाना हाईवे के रहने हैं । पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित पत्रकार मुकेश कुशवाह के पास विगत 13 अप्रैल को एक नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने पीड़ित का नाम पूछा और नाम बताते ही फोन करने वाले मोहन पांडेय पुत्र कमल कृष्ण पांडेय निवासी आनंद वाटिका (वृंदावन) ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी । पीड़ित ने जब कारण पूछा तो आरोपी ने पीड़ित के भाई की पत्नी बंटी बाई के बारे में कहा कि उसने बंटी बाई से शादी कर ली है और उसके रास्ते से हट जा नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा । पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि उसका भाई अजय अपने हिस्से की जमीन बेचकर ढाई लाख रूपए लेने के बाद अपनी पत्नी बंटी के पास ससुराल गया था, उसके बाद वह गांव नहीं लौटा । पीड़ित पत्रकार ने दर्ज रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया है कि वर्ष 2012 से पहले ही उसके भाई की पत्नी के अवैध संबंध मोहन पांडेय से हो गए थे और वह वर्ष 2012 में ही उसके साथ भागने वाली थी लेकिन परिजनों को इसका पता चला तो बंटी बाई के पिता को बुलाया था । बताया कि बंटी बाई अपने पिता के साथ चली गई थी । पीड़ित का भाई वर्ष 2014 में अपनी ससुराल गया तो उसकी पत्नी ने अपने हिस्से का मकान बेचकर पैसे लेकर आने की बोलकर बोल दिया था । इसके बाद पीड़ित का भाई अपने हिस्से का मकान बेचकर ढाई लाख रूपए लेकर ससुराल चला था । पीड़ित पत्रकार मुकेश कुशवाह ने बताया कि विगत वर्ष 2022 में अक्टूबर माह में बंटी बाई अपने पुत्र नितिन उर्फ गौरव - कुलदीप उर्फसौरभ और मोहन पांडेय तथा 8-10 अज्ञात लोगों के साथ पीड़ित की अनुपस्थित में उसके घर पर अवैध कब्जा करने पहुंचे थे । जब पीड़ित की पत्नी ने विरोध किया तो नितिन उर्फ गौरव और कुलदीप उर्फ सौरभ तथा मोहन पांडेय ने अभद्रता करते हुए मारपीट की थी । उस समय आए मोहल्ले के लोगों और राहगीरों को देखकर बंटी बाई और मोहन पांडेय ने धमकी देते हुए पीड़ित की पत्नी से कहा था कि अजय की तरहा मुकेश पत्रकार को भी गायब करा देंगे । पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट थाना हाईवे में दर्ज करायी है, उसी समय से कई बार मोहन पांडेय, गाली-गलौज करते हुए केस वापस लेने की धमकी दे रहा है । पीड़ित द्वारा मुकदमें में राजीनामा नहीं किया तो अब पीड़ित पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी है ।

## फीस के कारण पढ़ाई पूरी नहीं कर रहे बच्चों की फीस जमा करने का मोनू ने उठाया बीड़ा

संवाददाता

हापुड़। पिलखुआ निवासी की 2 पुत्रियों आशी ( कक्षा 12) व अर्चना ( कक्षा 10) की स्कूल फीस जमा करायी। आपको बता दें कि पिलखुवा के अचपल गढी निवासी अजय के चार बेटियाँ हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे थे। इनकी बड़ी बेटी पैसे न होने के कारण दूसरी वर्ष के पेपर नहीं दे पाई। इस तरह पढ़ने वाले बच्चों को पैसे ना होने के कारण अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है, बहुत ही दुख लगता है। वही नालंदा बुध प्रचार-प्रसार ट्रस्ट के संस्थापक मोनू कुमार ने अपने सहयोगी साथियों के साथ मिलकर इसके कारण शिक्षा ग्रहण ना कर पा रहे बच्चों की फीस जमा करने का बीड़ा उठाया है वही मीडिया से बात करते हुए बताया है हमसे जितना हो सकेगा ऐसे पढ़ने वाले बच्चों की सहायता करेंगे। जिसकी पहल हमने की है। फीस जमा कराने) में सहयोग





करने वाले साथी मोनू निवासी बनखंडा राजीव वर्मा के साथ साथ निवासी बनखंडा भीमा भाई, निवासी फुलडेरा विद्यासागर निवेश निवासी बक्सर, राहुल प्रताप निवासी कटक, दीपक निवासी देहपा पिलखुवा, विनोद मालियान निवासी हापुड़ आदि लोगों ने सहायता करते हुए कहा कि हम सभी लोग उम्मीद करते हैं भविष्य में भी आप ऐसे बच्चों का साथ देते रहेंगे। आप भी यदि साथ देना चाहते हैं तो पुस्तकालय बनखंडा में आप संपर्क कर सकते हैं।

## डॉ. अम्बेडकर साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित बेखौफशायर



संवाददाता, हापुड़ के एक छोटे से गाँव मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले डॉ. नरेश सागर निरंतर अपनी लेखनी से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों के द्वारा साहित्य के क्षेत्र में ना केवल अपना नाम रोशन कर रहे हैं बल्कि अपने जिला, क्षेत्र व देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं जो जिले के लिए एक गौरव की बात है वही गोरखपुर की साहित्य संस्था समतावादी कलमकार संघ ने भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी की 132 वी जयंती पर जनकवि/बेखौफशायर डॉ. नरेश सागर को डॉ. अम्बेडकर साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया, जिसे पाकर सागर परिवार के साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पडीं है। डॉ. सागर ने जहाँ ये कहा कि ये सम्मान अपने आप में ही गौरान्वित करने वाला है तो वहीं फिर एक बार उन्होंने पत्रकारों के लिए आवाज उठाते हुए कहा कि सरकार और समाज को पत्रकारों के विषय में भी सोचना चाहिए कयोंकि ये समाज के वो हीरो है जो हम जैसे लोगो को तो स्टार बनाते ही है अपनी जान पर खेलकर उन लोगो के हक के लिए भी आवाज उठाते हैं जो समाज का सबसे कमजोर हिस्सा है! डॉ. सागर को मालती भारती, अलका निम, विधायक विजय पाल जी, आदेश गुडडू, श्रीपाल के अलावा डा. सुनील सरकार, डॉ. राकेश अग्रवाल और मशहूर शायर फसीह चौधरी साहब ने बधाइयाँ दी।

## पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**निर्वाचन के दौरान लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी : डीएम**

संवाददाता

उन्नाव। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, शांतिपूर्वक व सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, सन्त पूरनदास नगर में निर्वाचन हेतु नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली में पीठासीन अधिकारियों तथा द्वितीय पाली में मतदान अधिकारियों प्रथम को उनके कार्य और दायित्वों के बारे में प्रोजेक्टर व पीपीटी एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से विधिवत जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा प्रशिक्षण ले रहे समस्त कार्मिकों को निर्देश दिए गए कि मतदान को लेकर अपने-अपने दायित्वों को भलीभांति जान लें तथा दी गयी जिम्मेदारियों का पूरी सजगता के साथ निर्वाहन करें। निर्वाचन को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का विधिवत ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका एक लीडर के रूप में होती है। सभी मतदान कार्मिक पीठासीन अधिकारी की लीडरशिप में पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करें तथा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैलट पेपर ले जाते वक्त चौक जरूर कर लें ताकि निर्वाचन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस दौरान सभी कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ ऋषिराज, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास सृष्टि अवस्थी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी देवेश सचान, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग जय सिंह सहित समस्त पीठासीन अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।



# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बीते वित्त वर्ष में नई परियोजनाओं के लिए 18 जमीन के टुकड़े जोड़े




एजेंसी, नयी दिल्ली। घरों की बढ़ती मांग के बीच रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने नई परियोजनाओं के विकास के लिए पिछले वित्त वर्ष (2022-23) में 18 भूखंड जोड़े हैं। कंपनी को इन परियोजनाओं से 32,000 करोड़ रुपये का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। गोदरेज समूह की रियल एस्टेट इकाई गोदरेज प्रॉपर्टीज ने भविष्य के लिए संकेत देते हुए कहा था कि वह 15,000 करोड़ रुपये की बिक्री संभावना वाले जमीन के टुकड़े जोड़ेगी। हालांकि, अब कंपनी ने अपने अनुमान से लगभग दोगुना जमीन जोड़ ली है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज भविष्य की परियोजनाएं तैयार करने और अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए भूमि का सीधे अधिग्रहण करने के अलावा भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) भी करती है। कंपनी ने हाल ही में शेयर बाजार को 2022-23 के लिए अपने परिचालन का आंकड़ा भेजा है। कंपनी ने बताया कि उसने वित्त वर्ष 2022-23 में 18 नए भूखंड जोड़े, जिनमें बिक्री योग्य क्षेत्रफल 2.9 करोड़ वर्गफुट है और इसका कुल बुकिंग मूल्य लगभग 32,000 करोड़ रुपये है। कंपनी ने मार्च, 2023 तिमाही में 5,750 करोड़ रुपये के अनुमानित बिक्री बुकिंग मूल्य के साथ पांच नई परियोजनाएं जोड़ीं।

# उइगर छात्र ने अवैध हिरासत में रखे चाचा को लेकर चीन के खिलाफ निकाली भड़ास, 4 भाषओं में जारी किया बयान






एजेंसी, बीजिंग। एक उइगर छात्रा ने अपने चाचा की बरामदगी को लेकर सोशल मीडिया पर चीन के खिलाफभड़ास निकाली है। छात्रा नेफिस ओगुज ( 20) ने कहा कि उसके चाचा के अवैध कारावास के बारे में जानकारी देना उसका कर्तव्य था। उन्होंने पश्चिमी चीन में उइगरों के कथित नरसंहार के बारे में भी बताया। नेफिस ने चार भाषाओं उइगर, अंग्रेजी, मंदारिन और तुर्की में बयान दिया और इसे ट्विटर और फेसबुक सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया और बताया कि कैसे उरुमकी में पुलिस ने उसके 33 वर्षीय चाचा अलीम अब्दुकेरिम को 28 अगस्त 2017 में उसके घर पर गिरफ्तार किया रेडियो फ्री एशिया से बात करते हुए, नेफिस ने कहा, मैंने इस वीडियो गवाही को साझा करने का साहस किया क्योंकि मैं नरसंहार का सामना कर रहे अपने लोगों की पीड़ा को सहन नहीं कर सका। उसने आगे कहा, ष्मैं अपने चाचा और हिरासत शिविरों में लाखों उइगरों के भाग्य को स्वीकार नहीं कर सका, और मुझे अपने भतीजे के लिए बहुत बुरा लगा, जिसने अपने पिता के जन्म के बाद भी एक बार भी नहीं देखा था। ओगुज ने कहा कि उसने तुर्की में गवाही देते हुए आशा व्यक्त की कि तुर्क उइगरों की पीड़ा पर ध्यान देंगे। उसने अंग्रेजी में गवाही दी, उम्मीद है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ध्यान देगा। उसने आगे कहा कि उसने चीनी सरकार को अपनी मांग सुनने के लिए मजबूर करने की कोशिश करने के लिए चीनी भाषा में गवाही पेश की। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, अलीम अब्दुकेरिम के परिवार को दो साल तक उसके ठिकाने के बारे में पता नहीं चा। बाद में, ओगुज को ता चला कि वह झिंजियांग में कोरला में जेल में था, जिसे शिनजियांग में कुश्एर्ले के नाम से जाना जाता था, उसके दो साल बाद उसे ले जाया गया था। बहुभाषी वीडियो में ओगुज ने कहा, ष्मेरे मासूम चाचा पिछले छह साल से जेल में हैं। उसने चीनी सरकार से अपने चाचा को तुरंत रिहा करने का आह्वान किया। वीडियो ने उइगरों का ध्यान खींचा है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रियाओं की झड़ी लगा दी है। स्तांबुल से रेडियो फ्री एशिया से फोन पर बात करते हुए उन्होंने कहा, चूंकि हमें उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली, इसलिए मैं इस अन्याय को सहन नहीं कर सकती थी। ओगुज और उनका परिवार 2015 से तुर्की में रह रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों वे इस डर से वे चुप रहे कि गवाही उनके रिश्तेदारों को उनकी मातृभूमि में नुकसान पहुंचा सकती है। बता दें कि चीनी पुलिस ने 2017 में शुरू होने वाले उइगरों पर बड़ी कार्रवाई के बीच शादी के तुरंत बाद अब्दुकेरिम को हिरासत में ले लिया था। कार्रवाई के दौरान, अधिकारियों ने व्यवसायियों, लेखकों, कलाकारों, एथलीटों और मुस्लिम पादरियों जैसे सामान्य और प्रमुख उइगरों को मनमाने ढंग से पुनः शिक्षा शिविरों में हिरासत में लिया था।

# श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए पूरा समर्थन देगा भारत : सीतारमण




एजेंसी, वॉशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण श्रीलंका के ऋण मुद्दों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुईं और उन्होंने संकटग्रस्त देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए भारत की ओर से पूरा समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी जताई। सीतारमण ने कहा कि ऋण पुनर्गठन चर्चाओं में सभी लेनदारों के साथ व्यवहार में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए लेनदारों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है। यह बैठक बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना वसंत बैठकों से इतर हुई।एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि जापान के वित्त मंत्री सुजुकी शुनिची, श्रीलंका के वित्त राज्यमंत्री शेहान सेमासिंघे और इमैनुअल मॉलिन के अलावा फ्रांस के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे। इसमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस बैठक में, मंत्रियों ने श्रीलंका के समन्वित ऋण पुनर्गठन के लिए तीन सह-अध्यक्षोंरू भारत, जापान और फ्रांस के तहत श्रीलंका पर ऋण पुनर्गठन वार्ता प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। सीतारमण ने कहा है कि जी20 और जी7 के सदस्य देशों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए भारत और जापान मिलकर काम कर सकते हैं। इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता भारत के पास है जबकि जी7 का मौजूदा अध्यक्ष जापान है। सीतारमण ने कहा कि जापान ने उन्हें जी7 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की मई में होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है और वह इस पर विचार कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''हम जापान की सरकार के साथ और अधिक संवाद के लिए उत्सुक हैं और उसके जी7 का अध्यक्ष होने के नाते हम परस्पर हित एवं सहयोग के क्षेत्रों की संभावनाएं तलाश कर रहे हैं ताकि हम साथ आ सकें और वैश्विक जरूरतों को पूरा कर सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों देश खाद्य सुरक्षा, विकास वित्त, जलवायु एवं ऊर्जा, पर्यावरण, डिजिटलीकरण, आपदा जोखिम में कमी और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम जापान के साथ मिलकर काम कर सकते हैं और दोनों समूहों के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। सीतारमण ने कहा, ''जापान ने जी 7 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में साझेदारों के साथ चर्चा के लिए भारत को आमंत्रित किया है। यह बैठक 12 मई को होगी। मैं बैठक में शरीक होने और जी7 के वित्त मंत्रियों के साथ बातचीत करने पर विचार कर रही हूं। जी20 समूह के सदस्य देशों ने भारत के अनेक प्रस्तावों का समर्थन किया है और इनको लेकर सक्रिय वार्तालाप हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 देशों के अपने अनेक समकक्षों के साथ सिलसिलेवार मुलाकात के बाद यह कहा। भारत को पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता मिली थी और सितंबर की शुरुआत में उसके नयी दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना है। जी20 विश्व की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वॉशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना वसंत बैठकों से इतर जी20 देशों के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों को अच्छा समर्थन मिला है और उन्हें लेकर सक्रिय जुड़ाव हो रहा है।

# चीन ने हवा में मिसाइल मार गिराने वाले हथियार का किया परीक्षण



एजेंसी, बीजिंग। चीन ने कहा कि उसने बीच हवा में मिसाइल को मार गिराने की क्षमता रखने वाले हथियार का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो अंतरिक्ष से आ रहे हथियारों को मार गिराने की उसकी क्षमता में प्रगति का संकेत है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण चीनी क्षेत्र के भीतर शुक्रवार देर रात किया गया और इसने ''परीक्षण का वांछित उद्देश्य हासिल किया। मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ''रक्षात्मक प्रकृति का था और इसका निशाना किसी देश की ओर नहीं था। बहरहाल, चीन ने कोई और जानकारी नहीं दी, मसलन क्या उसने सच में किसी लक्ष्य को भेदा, कितनी मिसाइल छोड़ी गई और वे कहां गिरीं। ऐसी प्रणालियों में जमीन से मार करने वाली कई इंटरसेप्टर मिसाइलें और बड़ी संख्या में राडार तथा अग्नि नियंत्रण प्रणाली शामिल होती हैं और इनका उद्देश्य बीच हवा में परमाणु या अन्य हथियार ले जाने में सक्षम आईसीबीएम समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराना होता है। चीन के पास पहले ही दुनिया की सभी प्रकार की मिसाइलों का सबसे बड़ा शस्त्रागार है और ऐसा माना जाता है कि वह तेजी से इसका विस्तार कर रहा है। पिछले वर्ष अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पास अभी करीब 400 परमाणु हथियार हैं और 2035 तक यह संख्या बढ़कर 1,500 तक पहुंच सकती है।

# ब्रिटेन ने भारतीय सैनिकों के चित्र के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध



लंदन। ब्रिटिश सरकार ने आंग्ल-हंगरी चित्रकार फिलिप डी लाजलो द्वारा प्रथम विश्वयुद्ध में हिस्सा लेने वाले दो भारतीय सैनिकों के बनाए चित्र पर अस्थायी निर्यात प्रतिबंध लगाया है, ताकि उसे देश से बाहर ले जाने से रोका जा सके। ब्रिटेन सरकार ने देश के एक संस्थान को इस ''शानदार तथा संवेदनशील चित्र को खरीदने का समय देने के लिए यह प्रतिबंध लगाया है। करीब साढ़े छह करोड़ रुपये कीमत वाले इस चित्र में घुड़सवार अधिकारी रिसालदार जगत सिंह और रिसालदार मान सिंह को दर्शाया गया है, जो फ्रांस में सॉम के युद्ध में सेवा देने वाले ब्रिटिश-भारतीय सेना के एक्सपीडिशनरी फोर्स में जूनियर कमांडर थे। माना जाता है कि दोनों युद्ध के दौरान ही वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह चित्र काफी दुर्लभ है, जो प्रथम विश्व युद्ध में भारतीयों की सक्रिय भागीदारी को दिखाता है। ब्रिटेन के कला एवं विरासत मंत्री लॉर्ड स्टीफन पार्किंसन ने कहा, ''यह शानदार और संवेदनशील चित्र हमारे इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण को कैद करता है, जब प्रथम विश्वयुद्ध में मदद करने के लिए दुनियाभर से सैनिकों को लाया गया था। उन्होंने कहा, ''मैं उम्मीद करता हूं कि यह शानदार तस्वीर बहादुर जवानों और उनके योगदान की कहानी बताने में मदद करने के लिए ब्रिटेन में रहे। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान करीब 15 लाख भारतीय सैनिकों को तैनात किया गया था और रिकॉर्ड के अनुसार, चित्र में मौजूद दोनों सैनिक लड़ाई के लिए फ्रांस भेजे जाने से दो महीने पहले लंदन में फिलिप डी लाजलो के सामने बैठे थे, ताकि वह उनकी छवि को कैनवास पर उकेर सकें। ऐसा माना जाता है कि डी लाजलो ने इस चित्र को अपने संग्रह के लिए बनाया था और यह 1937 में उनके निधन तक उनके स्टूडियो में ही रखा हुआ था। ब्रिटेन सरकार ने एक समिति की सलाह पर इस चित्र के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। समिति ने युद्ध में भारतीयों के योगदान के अध्ययन की महत्ता के आधार पर यह सिफारिश की है।

## अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे

वाशिंगटन अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ ने कहा है कि वह 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल नहीं होंगे। पॉम्पिओ ने 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि वह रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति और उनके करीबी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला करना नहीं चाहते।पॉम्पिओ ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका के विदेश मंत्री थे। पॉम्पिओ अगर उम्मीदवार बनने के लिए चुनाव लड़ने को तैयार होते, तो वह निक्की हैली के बाद ऐसा करने वाले पूर्ववर्ती ट्रंप मंत्रिमंडल के दूसरे सदस्य होते।

# अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन पहुंचे वियतनाम, पीएम फाम मिन्ह चिन्ह से की मुलाकात



एजेंसी, हनोई । अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन वियतनाम पहुंचे, जहां उन्होंने वियतनामी प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की। अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को संतुलित करने के लिए वियतनाम के साथ संबंधों को अहम मानता है। ब्लिंकन और चिन्ह ने वियतनाम से अमेरिकी बलों की वापसी के 50 साल पूरे होने के मात्र दो सप्ताह बाद मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस यात्रा के दौरान ब्लिंकन ने वियतनाम की राजधानी हनोई में अमेरिकी दूतावास के नए परिसर की नींव रखी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को उम्मीद है कि यह परियोजना वियतनाम के साथ संबंधों को और मजबूत करने की उसकी प्रतिबद्धता को जताएगी। दोनों देशों के बीच 1995 में राजनयिक संबंध बहाल हुए थे। वियतनाम के मानवाधिकार संबंधी रिकॉर्ड को लेकर चिंताओं के बावजूद अमेरिका हनोई को क्षेत्र संबंधी अपनी रणनीति के लिए अहम मानता है। वह क्षेत्र में अमेरिका का प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन के साथ वियतनाम की दुश्मनी का लाभ उठाना चाहता है। ब्लिंकन ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को और भी ऊंचे स्तर पर लेकर जाएंगे। वहीं, चिन्ह ने कहा, ''ये बहुत व्यापक और प्रभावी संबंध रहे हैं और आगे भी हम संबंधों को प्रगाढ़ करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''हम एशिया प्रशांत या हिंद-प्रशांत के प्रति अमेरिका की भूमिका और उत्तरदायित्व की बहुत सराहना करते हैं। चीन का वियतनाम समेत अपने कई पड़ोसियों के साथ दक्षिण चीन सागर में समुद्री और क्षेत्रीय विवाद है।

# विलय और अधिग्रहण के लिए अच्छे अवसर

## पेशकश आई तो विचार करेंगे : इन्फोसिस




एजेंसी, नयी दिल्ली। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख ने कहा है कि वर्तमान में अधिग्रहण और विलय के क्षेत्र में अच्छा माहौल है।

उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी मजबूत रणनीतिक और सांस्कृतिक प्रस्ताव देने वाली कंपनियों पर विचार करेगी। पारेख ने कहा, इन्फोसिस जहां अधिग्रहण के लिए अच्छे प्रस्तावों पर हमेशा तैयार रहती है, वहीं ऐसे प्रस्ताव तलाश करने के लिए यह अच्छा माहौल है। उन्होंने कहा कि इन्फोसिस अधिग्रहण और विलय के मामले में 'अच्छे प्रस्तावों को तलाश रही' है। इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारी ने मार्च, 2023 तिमाही के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा, ...और यह एक अच्छा माहौल है। हमारे पास बहुत अच्छे आंकड़े हैं। अगर हमें कोई कंपनी या इकाई मिलती है, जो रणनीतिक के साथ सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त लगती हो तो हम उस पर विचार करेंगे। वह एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे कि क्या अमेरिका का कमजोर व्यापक माहौल और वैश्विक अस्थिरता विलय और अधिग्रहण के क्षेत्र में लाभदायक माहौल दे रहा है। इन्फोसिस ने इसी सप्ताह मार्च, 2023 तिमाही परिणाम जारी किए हैं।मार्च तिमाही में कंपनी के शुद्ध लाभ में अपेक्षा से कम वृद्धि हुई है। इसके बाद कंपनी ने अमेरिका के बैंकिंग बाजार में डांवाडोल स्थिति के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के लिए चार-सात प्रतिशत का राजस्व वृद्धि अनुमान जारी किया है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवाप्रदाता कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत वृद्धि के साथ 6,128 करोड़ रुपये दर्ज किया। इससे पिछली अक्टूबर-दिसंबर तिमाही से लाभ में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 67,859.77 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी, नयी दिल्ली। शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 67,859.77 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला 598.03 अंक या 0.99 प्रतिशत चढ़ गया। अम्बेडकर जयंती के मौके पर बंद थे। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल लाभ में रहीं। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। बीते सप्ताह आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 17,188.25 करोड़ रुपये बढ़कर 6,27,940.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 15,065.31 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 9,44,817.85 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 10,557.84 करोड़ रुपये बढ़कर 5,11,436.51 करोड़ रुपये रही, जबकि आईटीसी का मूल्यांकन 10,190.97 करोड़ रुपये बढ़कर 4,91,465.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# ओएनजीसी के केजी बेसिन में फंसे जहाज को जाल से मुक्त कराने में मिली सफलता

एजेंसी, नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की केजी बेसिन में पहली परियोजना का कार्य मछली पकड़ने वाले जाल में एक तैरता हुआ तेल भंडारण जहाज फंस जाने से प्रभावित हो गया था जिसके बाद कंपनी को भारतीय नौसेना से मदद मांगनी पड़ी। ओएनजीसी की तरफ से सोशल मीडिया मंचों पर दी गई जानकारी के मुताबिक, केजी-डी5 ब्लॉक से तेल उत्पादन के लिए इस्तेमाल होने वाला एफपीएसओ अरमाडा स्टर्लिंग 5 जहाज मछली पकड़ने के लिए लगाए गए लंबे जाल में उलझ गया। फंसे हुए जहाज को जाल से मुक्त कराने के लिए ओएनजीसी ने भारतीय नौसेना से मदद मांगी। नौसेना के गोताखोरों ने करीब एक महीने तक चले बचाव अभियान के बाद इस जहाज को जालों से मुक्त कराने में सफलता हासिल कर ली है। इसके बाद फिर से यह जहाज अपने काम में जुट गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी एक ट्वीट में इसका ब्योरा देने के साथ एक वीडियो अपलोड किया है जो राहत अभियान से संबंधित है। इसके मुताबिक, नौसेना के जहाज 'घड़ियाल' और 16 गोताखोरों के एक दल ने ओएनजीसी के जहाज से जालों को मुक्त करा दिया है। एफपीएसओ अरमाडा स्टर्लिंग 5 जहाज का स्वामित्व शापूरजी पलोनजी ऑयल एंड गैस और मलेशिया की कंपनी बूमी अरमाडा के पास है। इसकी भंडारण क्षमता 60,000 बैरल प्रतिदिन पेट्रोलियम और 30 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस की है। यह दिसंबर में ओएनजीसी के क्लस्टर-2 से जुड़ा था। ओएनजीसी की इस केजी-डी6 परियोजना से तेल उत्पादन मई में शुरू होने की उम्मीद है जबकि गैस का उत्पादन अगले साल तक शुरू होने की संभावना है।

ओएनजीसी ONGC

CMYK

# एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने बताए अपूर्व पडगांवकर संग अपनी शादी के प्लान्स



एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल अपने मंगेतर अपूर्व पडगांवकर के साथ जल्दी सात फे रे लेने वाली हैं और शादी के बंधन में बंधने वाली है। ऐसे में उनके फैंस ये जानने के लिए काफी बेताब है कि दिव्या आखिर कब शादी कर रही है? इस बात का दिव्य ने खुलासा किया है कि बिग बॉस ओटीटी फे म दिव्या अग्रवाल ने इस दौरान ये भी बताया कि वह कैसी शादी चाहती हैं एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने बताया कि हम दोनों एक दूसरे से यही पूछते हैं कि शादी कब करनी है? हमें लगता है कि हम दिसंबर या जनवरी में ही शादी करेंगे हां हम यह नहीं जानते कि इस पर हम क्या-क्या करने वाले हैं। कभी हम सोचते हैं कि कुछ सिंपल रखें तो कभी सोचते हैं कुछ बड़े लेवल पर करें। क्योंकि हम सोशल मीडिया बटरफ्लाइज हैं हम दोनों की ही एक्सट्रोवर्ट पर्सनालिटी है ऐसे में हम दोनों बिग फै ट वैडिंग भी चाहते हैं। मैं अपनी जिंदगी में वापस आ चुकी हूं मेरे आस-पास अच्छे और पॉजिटिव दोस्त है ऐसे में हम डेस्टिनेशन वेडिंग चाहते हैं ताकि इसको हमेशा हम अपनी जिंदगी में एक एक्सपीरियंस की तरह ले। वही अपने ससुराल के बारे में एक्ट्रेस ने बताया अपूर्व का परिवार बहुत ही सिंपल और अच्छा है ऐसे में मैं भी अपनी जिंदगी में इस चीज से जुड़ना चाहती हूं सब कुछ सिंपल रखना चाहती हूं और मुझे सपोर्टिंग पार्टनर मिला है जो सब कुछ प्यार से समझाता है। बता दें एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने 2022 दिसंबर के महीने में अपूर्व के साथ सगाई की थी। अपूर्व ने बिग बॉस ओटीटी विनर दिव्या को उनके 30वें जन्मदिन पर प्रपोज किया था। अपूर्व ने दिव्या का साथ तब निभाया था जब उनका वरुन सूद से ब्रेकअप हुआ था.दोनों का ब्रेकअप मार्च महीने में साल 2022 को हुआ था।

>>> बॉलीवुड <<<

# पूरे 8 साल तक अपना ही नाम गलत लिखती रही जान्हवी कपूर

## माँ श्रीदेवी को बतया वजह बोली-मेरी पूरी जिंदगी झूठ है

बॉलीवुड की फे मस एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल होता नजर आ रहा हैं जिसमे एक्ट्रेस एक शो स्टार में जाती हैं। 2021 के इंटरव्यू में, अभिनेत्री ने अपने नाम के साथ हुई एक अजीब सी ही प्रॉब्लम के बारे में बात की। थोड़ी असामान्य वर्तनी होने के कारण, जान्हवी ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि वह आठ साल से अपने नाम की गलत वर्तनी कर रही थी – यह सब अपनी प्रिय माँ, दिवंगत श्रीदेवी के कारण। उसने एक मजेदार किस्सा सुनाया कि कैसे उसकी माँ ने गलती से उसके नाम की गलत वर्तनी दे दी थी जब वह छोटी थी, और जान्हवी ने अनजाने में 12 साल की उम्र तक इसका पालन किया था।कहानी को याद करते हुए, उसने कहा, जब मैं स्कूल में थी, तब मैंने वर्तनी सीखना शुरू ही किया था। मैं वास्तव में अपने नाम की वर्तनी नहीं जानता था। मॉम (दिवंगत अदाकारा श्रीदेवी) अपने बाथरूम में नहा रही थीं और मैंने उन्हें चिल्लाया। मम्मा, आप मेरा नाम कैसे लिखती हैं? उसने मेरे नाम की स्पेलिंग गलत लिख दी। उसने कहा जे–ए–एन–एच–ए–वी–आई–ए और किसी कारण से, मैंने कभी इस पर सवाल नहीं उठाया। आठ साल के लिए। उसने कहा, हम कहीं जा रहे थे, मुझे लगता है कि लंदन जा रहे थे, और आखिरकार मैंने अपना पासपोर्ट खोल दिया और मैं ऐसा था, मेरा पूरा जीवन झूठ रहा है जान्हवी ने यह भी साझा किया कि उसके दोस्त अभी भी उसे उसके नाम की गलती के बारे में चिढ़ाते हैं, उसे पाइप डाउन करने के लिए कहते हैं क्योंकि वह 12 साल की उम्र तक अपना नाम भी सही से नहीं लिख पाती थी! जाह्नवी ने आगे बताया कि उनकी इस गलती की वजह से आज भी उनके दोस्त उन्हें चिढ़ाते हैं. उन्हें परेशान करते हैं क्योंकि 12 साल की उम्र तक वो अपना नाम भी सही से नहीं लिख पाती थीं जान्हवी ने अपनी मां के साथ एक अविश्वसनीय रूप से करीबी रिश्ता साझा किया और दोनों को अक्सर खुशी के साथ कार्यक्रमों में एक साथ देखा गया। जब 24 फरवरी, 2021 को श्रीदेवी का दुखद निधन हो गया, तो यह उनके लिए एक विनाशकारी सदमे के रूप में आया और उन्होंने खुद को काम में झोंक दिया। काम के मोर्चे पर, जान्हवी अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो फि ल्म निर्माता कोराताला शिवा द्वारा अभिनीत अभी तक की अनटाइटल्ड परियोजना है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह बुच्ची बाबू निर्देशित फि ल्म में राम चरण के साथ अभिनय कर सकती हैं। घर के करीब, बॉलीवुड में, वह वरुण धवन के साथ नितेश तिवारी की बावल में भी दिखाई देंगी।







# ग्लैमरस दिखने के चक्कर में मजाक का कारण बन बैठी अंजलि अरोड़ा, यूजर्स बोले- मेकअप करना भूल गई



**सोशल मीडिया पर अंजलि अरोड़ा का एक नया वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अंजलि एक इवेंट अटेंड करने पहुंची हैं। यहां पहुंचते ही पैपराजी की नजरें उन पर ही टिक गई। यूं तो एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी थी। लेकिन अंजलि अरोड़ा अपनी ही ड्रेस में थोड़ी अनकम्फर्टेबल नजर आई। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह बार-बार अपने आउटफिट को ऊपर की तरफ खीचती नजर आ रही हैं। अपने कपड़े इस तरह ठीक करती अंजलि अरोड़ा फोटोग्राफर के कैमरे में कैद हो गई। इसके अलावा उनका गन्दा हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप देख सोशल मीडिया यूजर्स अब उनका मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि, लगता है मेकअप करना भूल गई हैं....**

सोशल मीडिया सेंसेशन अंजलि अरोड़ा अब किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने नए-नए वीडियो शेयर करती रहती हैं। अंजलि को अब तक कई म्यूजिक वीडियो में देखा जा चुका है। हालांकि वीडियो के अलावा उन्होंने कंगना रनौत के शो लॉक अप से भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्ट्रेस अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर अंजलि अरोड़ा का एक नया वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अंजलि एक इवेंट अटेंड करने पहुंची हैं। यहां पहुंचते ही पैपराजी की नजरें उन पर ही टिक गईं। यूं तो एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी थी। लेकिन अंजलि अरोड़ा अपनी ही ड्रेस में थोड़ी अनकम्फ टेबल नजर आई। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह बार-बार अपने आउटफिट को ऊपर की तरफ खीचती नजर आ रही हैं। अपने कपड़े इस तरह ठीक करती अंजलि अरोड़ा फोटोग्राफर के कैमरे में कैद हो गई। इसके अलावा उनका गन्दा हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप देख सोशल मीडिया यूजर्स अब उनका मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि, लगता है मेकअप करना भूल गई हैं। एक ने लिखा, उन्हें हीरोइन किसने बनाया। एक यूजर ने कहा, सब बकवास, सिर्फ बकवास, सब बकवास। अंजलि अरोड़ा के वीडियो पर ऐसे कई कमेंट्स आ रहे हैं। हालांकि अंजलि अरोड़ा के फै ंस को उनका ये सिंपल लुक काफी पसंद आ रहा है। बता दें, पिछले साल अंजलि अरोड़ा का एमएमएस वीडियो वायरल होने की खबर सामने आई थी।


>>> बॉलीवुड <<<

# मैं अभी मरने वाला नहीं हूं...! सतीश कौशिक के आखिरी शब्दों को याद कर छलके अनुपम खेर के आंसू, अनिल कपूर को भी आई याद

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में अपने दिवंगत दोस्त सतीश कौशिक को उनकी जयंती पर याद करने के लिए एक संगीतमय रात की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में सतीश को मनाने के लिए कहानियां भी शामिल थीं। रात के लिए मेजबान ने अनिल कपूर, जावेद अख्तर, शबाना आजमी, रानी मुखर्जी और जॉनी लीवर सहित मशहूर हस्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बोलते हुए अनुपम रो पड़े। दर्शकों में रानी मुखर्जी के बगल में बैठे अनिल भी फूट-फूट कर रोए। अनुपम ने सतीश को याद करते हुए कहा, सतीश तो चला गया लेकिन हमारी दोस्ती तमाम उतार-चढ़ावों से बची रही और हमें जो सबसे शानदार तोहफा दिया है, उसे देखा है। अनिल ने सतीश के लिए एक छोटा सा ऑडियो-विजुअल तैयार किया है, हम उसे देखेंगे। फिर मैं अनिल से गुजारिश करूंगा। आने और बात करने के लिए। अनिल ने लगातार इशारा किया कि वह मंच पर नहीं जाएंगे। अनुपम ने उससे कहा, ष्तुम्हें आना ही पड़ेगा। नहीं नहीं, तुम्हें आना ही पड़ेगा। ठीक है। मैं भी इससे निपट रहा हूं। मैं इससे अकेले नहीं निपट सकता। अनुपम ने आगे कहा, (उसे) कभी-कभी कम आंका जाता था, लेकिन वह बहुत प्रतिभाशाली था। उसने कभी खुद को बाजार में उतारने का फै सला नहीं किया। वह अद्भुत था। फिर उन्होंने अनिल को मंच पर उनके साथ आने के लिए कहा, ष्हीरो हमेशा रोते हैं, आओ और दोस्त रोते हैं। हालाँकि, कुछ कदम चलने के बाद, अनिल टूट गया, उसने अपने हाथ से इशारा किया कि वह मंच पर अनुपम के साथ शामिल नहीं हो पाएगा, और अपनी सीट पर लौट आया। अनुपम ने कहा, आजा (आओ) ठीक है। जैसे ही वह भी रोने लगा, अनुपम ने कहा, अनिल तू पागल है। मैं ठीक ठाक जरा सा था। अनुपम ने कहा, 9, 7 तारीख को वह मेरे जन्मदिन पर आए, उन्होंने मुझे फोन किया, मैंने कहा, तू बहुत थक गया साउंड कर रहा है. ऐसा कर अस्पताल में चला जा, चेक-इन कर, खुद को स्वीकार मत करो, जाओ और चेक इन करो। तो हमें कहा, चिंता मत करो, मैं अभी मरने वाला नहीं हूं। अस्पताल और चेक-इन। उन्होंने कहा, श्चिंता मत करो, मैं मरने वाला नहीं हूं)।



# पैपराजी के सामने एक दूसरे पर प्यार लुटाते दिखे रणबीर और आलिया



बॉलीवुड के मोस्ट फेवरेट कपल की लिस्ट में अपना नाम शामिल करने वाले रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बीते दिन अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी को सेलिब्रेट किया। उनके इस खास दिन को और भी खुशहाल बनाने के लिए अब उनकी बेटी राहा कपूर भी आ चुकी हैं। जिसके संग उनकी खुशियां और भी दोगुनी हो गई। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अपने खास पलों से अपने फै ंस का दिल जीतने का कोई मौका नहीं छोड़ते। अपनी शादी की पहली सालगिरह के मौके पर लवबर्ड्स मुंबई में अपने कंस्ट्रक्टेड घर को देखने पहुंचे। जहा से दोनों को स्पॉट भी किया गया। लवबर्डस का अपने इस घर को बनते हुए देखना एक सपने से कम नहीं हैं तभी तो अपने इस खास पल पर भी वह इस घर को बनता हुआ देखने पहुंच लिए। साइट से बाहर आने के दौरान उन्होंने पैपराजी का मुस्कुराकर तहे दिल से शुक्रियादा करते हुए देखा गया। कार के अंदर बैठने के बाद शटरबग्स ने उन्हें शादी की पहली सालगिरह की बधाई देना शुरू कर दिया। जब रणबीर पैप से हाथ मिला रहे थे तो आलिया शरमा गई और पति के गाल पर एक किस कर लिया। बस फिर क्या था वहा खड़े सभी ने उनके इस लव मोमेंट को कैच कर लिया। खैर, यह पल देखने में काफी मनमोहक था, क्योंकि पपराजी उन्हें एक और स्पष्ट पल देने के लिए कह रहे थे। इससे पहले आज आलिया ने अपनी शादी के जश्न की कई अनदेखी तस्वीरें भी पोस्ट कीं, या अनजान, रणबीर और आलिया ने अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों की उपस्थिति में मुंबई के बांद्रा में पूर्व के घर में शादी कर ली।

स्टार एक्सप्रेस
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुदित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK